24 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 66

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

न्यूज रील्स

फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का निधन

मुंबई (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया है। उन्होंने 90 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए, जिनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं। जवाहरलाल नेहरू और सत्यजीत रे पर डॉक्युमेंट्री बनाने के अलावा उन्होंने दूरदर्शन के लिए धारावाहिक 'यात्रा', 'कथा सागर' और 'भारत एक खोज' का भी निर्देशन किया। फिल्म जगत को दिए योगदान के लिए उन्हें 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा इनके खाते में आठ नेशनल अवॉर्ड हैं।

राजस्व संग्रहण, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और नियुक्ति को लेकर बैठक

नियुक्तियों के लिए ऑनलाइन मोड में परीक्षा लें : हेमंत सोरेन

- मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में आनेवाली लाभुकों की सहूलियत का ख्याल रखने का निर्देश दिया
- जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से जुड़े विवादों की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी करने का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में नियुक्तियों को लेकर आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ियों की गुंजाइश नहीं हो, इसके लिए ऑनलाइन मोड में परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) माध्यम से परीक्षा लेने पर काफी हद तक पेपर लीक जैसे मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने आवासीय कार्यलय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रहण, 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों और जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के विषय पर बैठक बुलायी थी।

राजस्व संग्रहण में तेजी लायें : मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को पूरा करें। राजस्व बढ़ोतरी को लेकर नये स्रोत की संभावनाएं तलाशें। राजस्व से संबंधित विभागों के बीच समन्वय को लेकर एक सिस्टम तैयार करें। मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग के तहत फर्जी निबंधन और इनवॉइस के चिन्हित करने के साथ उसे रोकने की दिशा में एनफोर्समेंट सिस्टम बनाने की दिशा में पहल का निर्देश अधिकारियों को दिया।

परीक्षा से जुड़े विवादों और शिकायतों की जांच जल्द पूरी करें : हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से जुड़े विवादों को लेकर दर्ज मामले में जो निर्देश दिये गये हैं, उसके अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी कर रिपोर्ट दें। जांच के दौरान परीक्षा आयोजन के दौरान हुई गड़बड़ियों तथा मिली शिकायतों और परीक्षा परिणाम के बाद हुए विवाद एवं हंगामें की भी जांच हो और इसमें जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।

महिला हिंसा को लेकर भी अधिकारियों को अहम निर्देश : मुख्यमंत्री ने पोक्सो एक्ट, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा अत्याचार एवं यौन उत्पीड़न, ह्यूमन ट्रैफिकिंग और पलायन जैसे मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। स्कूल-कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम चलायें। शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की सघन पेट्रोलिंग होनी चाहिए। राज्य से होने वाले पलायन के मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सर्विसेज और हेल्पलाइन नंबर के लिए राज्य स्तर पर इंटीग्रेटेड एप्प बनाया जाये।

अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार को लेकर मिल रही लगातार शिकायतें : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जमीन विवाद से जुड़ी कई शिकायत लगातार सामने आ रही है। विशेष कर अंचल कार्यालयों में दाखिल- खारिज के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम उठाये जायें। इसमें शामिल अधिकारियों, कर्मियों के साथ जमीन दलालों के खिलाफ कार्रवाई करें। जमीन दलालों द्वारा बड़े स्तर पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीनों की हेराफेरी की जा रही है। इसे रोकने की दिशा में सभी संभावित कदम उठाये जायें।

मंईयां सम्मान योजना : 28 को नामकुम में होगा कार्यक्रम, राशि हस्तांतरित होगी

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 दिसंबर को रांची के नामकुम में आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में राज्यभर की महिला लाभुक सम्मिलित होंगी। ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। विदित हो कि इस कार्यक्रम के माध्यम से इस योजना के सभी लाभुकों को प्रति माह अब 2500 रुपये की सम्मान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी।

पीएम ने 71000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे

नये आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं भारत के युवा : नरेंद्र मोदी

- देश के विभिन्न राज्यों में 45 जगहों पर रोजगार मेला का आयोजन
- रांची में केंद्रीय संजय सेठ और हजारीबाग में अन्नपूर्णा देवी ने बांटे नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली/रांची/हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 71000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह देर रात कुवैत से लौटे हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय युवाओं और पेशेवरों के साथ व्यापक चर्चा की। यह बहुत ही सुखद संयोग है कि लौटने के बाद उनका पहला कार्यक्रम देश के युवाओं के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के हजारों युवाओं के लिए एक नयी शुरुआत है। आपके वर्षों के सपने पूरे हुए हैं। वर्षों की मेहनत रंग लायी है। मैं आप सभी को और आपके परिवारों को हार्दिक बधाई देता हूं।

देश के विभिन्न राज्यों में 45 जगहों पर रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। रांची में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ और हजारीबाग में अन्नपूर्णा देवी मौजूद थीं। रांची में संजय सेठ ने 327 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। वहीं, हजारीबाग में भी अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिये गये। इस मौके पर मंत्रियों ने कहा कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख नौकरियां

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरियां प्रदान करने के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की गयी हैं। ये नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। नये भर्ती हुए लोग समर्पण और ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी देश का विकास उसके युवाओं की कड़ी मेहनत, क्षमता और नेतृत्व पर निर्भर करता है। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को सबसे आगे रखा है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। आज भारतीय युवा नये आत्मविश्वास से भरे हैं। वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

युवा प्रतिभाओं को पोषित करना बहुत जरूरी : प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति को गति देने और एक नये भारत के निर्माण के लिए युवा प्रतिभाओं को पोषित करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी शिक्षा प्रणाली पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत को एक आधुनिक शिक्षा प्रणाली की ओर ले जा रही है, जो छात्रों को नये अवसर प्रदान करती है। सरकार ने ग्रामीण युवाओं और वंचित समुदायों के लिए मातृभाषा में शिक्षण और परीक्षा देने एवं 13 भाषाओं में भर्ती परीक्षाएं प्रदान करके भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया है। इसके अतिरिक्त, स्थायी सरकारी नौकरियों के लिए विशेष भर्ती रैलियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं के लिए कोटा बढ़ाया गया है।

कृषि, स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य बातों का जिक्र किया : प्रधानमंत्री ने कृषि बीमा योजना, महिलाओं की उन्नति समेत कई अन्य बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गोबर-धन योजना, ई-एनएएम योजना, चीनी क्षेत्र आदि का जिक्र करते हुए रोजगार के नये अवसर के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए बीमा सखी योजना शुरू की। ड्रोन दीदी, लखपति दीदी और बैंक सखी योजना जैसी पहल से कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं का भी जिक्र किया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत

- पलामू आकांक्षी जिला जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डाल्टनगंज गये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री डॉ एल मुरुगन सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण, मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभाग जैसे पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, दूरदर्शन, आकाशवाणी के सभी वरिष्ठ अधिकारियो ने किया। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अपने झारखंड दौरे के उद्देश्यों की चर्चा की। मुरुगन ने बताया कि वह पलामू आकांक्षी जिला जागरूकता कार्यक्रम (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स अवेयरनेस प्रोग्राम) के तहत जा रहे हैं। पत्रकारों के सवालों पत्रकारों का जवाब देते हुए तमिलनाडु के वर्तमान राजनीति स्थिति पर भी उन्होंने अपने विचार रखें। इसके बाद सड़क मार्ग से डाल्टनगंज के लिए रवाना हो गये। उन्होंने रात में पलामू सर्किट हाउस में लोक प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। डाल्टनगंज में 24 व 25 दिसंबर के कार्यक्रम में शरीक होंगे।

उद्योग विभाग के रिक्त पदों को जल्द भरें : संजय यादव

- श्रम एमं उद्योग मंत्री ने अपने विभाग की समीक्षा की, दिये आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड विकास के पथ पर आगे बढ़े, विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा हो, इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा देना जरूरी है। विभागीय स्तर पर इसके लिए व्यापक तैयारी करें। पदाधिकारी उद्योगों के विकास के लिए समन्वय बना कर काम करें। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों को आमंत्रित करने का रोडमैप तैयार करें। संजय सोमवार को उद्योग विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों की बात सामने आने पर मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों की सूची जल्द उपलब्ध करा दें, जिससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विचार विमर्श कर जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मेरी सोच है कि झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये। राज्य में अधिक से अधिक उद्योग लगे। निवेशक झारखंड आयें। उद्योग लगायें। सरकार उन्हें हर सुविधाएं मुहैया करावेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी। बैठक में उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारी को किया शोकॉज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को अपने विभागीय अधिकारियों के असंतोषजनक जवाब से नाराज दिखीं। जिला कृषि पदाधिकारियों के पास कृषि मंत्री के सवाल का जवाब नहीं था। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और उसके लाभुकों की सही जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी नहीं दे सके। कर्मशाला में अनुपस्थित गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी को शोकॉज किया गया है। रांची के

हेसाग स्थित पशुपालन भवन में रबी फसल पर राज्य स्तरीय कर्मशाला का आयोजन किया गया था। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली बार योजना से संबंधित पूरी जानकारी के साथ बैठक में शामिल हों।

जिला कृषि पदाधिकारी नहीं दे सके मंत्री के सवाल का जवाब : शिल्पी नेहा तिर्की ने सबसे पहले जिला कृषि पदाधिकारी से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में पूछना शुरू किया। बोकारो जिला कृषि पदाधिकारी से इसकी शुरुआत की गयी, लेकिन अधिकारी इसका जवाब नहीं दे सके। इसके बाद मंत्री ने धनबाद, दुमका, गोड्डा सहित कई जिलों से विभागीय योजना से संबंधित सवाल पूछे। किसी के पास संतोषजनक जवाब नहीं था। इस दौरान वह काफी नाराज दिखीं।

गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी को शोकॉज : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अधिकारी दफ्तर में ईमानदारी से काम करें। गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी के कर्मशाला में अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया।

बीएयू ने भूमि के अनुसार तैयार किये हैं बीज : पशुपालन सचिव अबू बक्कर सिद्दिखी ने कहा कि कृषि विभाग में काम करना एक बेहतर अवसर है। किसानों से मिल कर जमीनी हकीकत को जान कर किसानों को सरकार की योजना का लाभ दिया जा सकता है। बीएयू ने झारखंड की भूमि के अनुसार बीज तैयार किये हैं, जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,400 रु./10 ग्राम
चांदी 99,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in

झारखंड पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है छेड़खानी रोकना

■ राजधानी से लेकर कस्बों तक में लगातार बढ़ रही हैं घटनाएं

■ बेटियों की सुरक्षा अब सामाजिक चिंता का विषय बन गयी है

■ सीएम हेमंत सोरेन का हंटर ही मनचलों को रोक सकता है

■ अब जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने की जरूरत

झारखंड इन दिनों एक अजीब किस्म का तनाव झेल रहा है। यह तनाव बेटियों की सुरक्षा को लेकर है। राज्य में बेटियों के साथ, महिलाओं के साथ छेड़खानी और हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। झारखंड के लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि राज्य के विकास में महिलाएं भी योगदान देती हैं, हर क्षेत्र में वे पुरुषों से कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रही हैं, फिर भी वे डर के साये में क्यों जी रही हैं। चार साल की मासूम से लेकर 60 साल तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ छेड़खानी और गलत व्यवहार की खबरों ने झारखंड के लोगों को ही नहीं, पुलिस प्रशासन को भी चिंता में डाल दिया है। हाल के दिनों में ऐसी घटनाएं अचानक बढ़ गयी हैं। घर से बाहर निकलते ही लड़कियों को इन विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और वे लोकलाज के कारण अपने परिजनों को इसकी जानकारी नहीं देती हैं। इससे छोड़खानी करनेवालों की हिम्मत बढ़ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाये जाने के बाद पुलिस प्रशासन छेड़खानी करनेवालों के खिलाफ सक्रिय तो हुआ है, लेकिन सामाजिक सहयोग के बिना इस समस्या को खत्म करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि लड़कियों के साथ उनके परिचित भी अब अक्सर गलत व्यवहार करने लगे हैं। कई मामलों में तो स्कूलों में शिक्षक ही आरोपी निकल रहे हैं। झारखंड में अब यह समस्या इतनी गंभीर हो गयी है कि इस पर नियंत्रण पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती है। क्या है महिलाओं और बच्चियों से छोड़खानी का मनोविज्ञान और क्यों नहीं रुक रही हैं ऐसी घटनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

पिछले करीब एक पखवाड़े से झारखंड अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता में डूबा हुआ है। मासूम बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं के साथ सरेराह छेड़खानी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने जहां लोगों को चिंता में डाल दिया है, वहीं पुलिस प्रशासन के सामने इन घटनाओं पर नियंत्रण की चुनौती भी पेश कर दी है। ऐसा नहीं है कि ये घटनाएं केवल बड़े शहरों या कस्बों में हो रही हैं। यह बीमारी अब ग्रामीण अंचलों तक पहुंच गयी है।

यह तथ्य है कि पूरे झारखंड में हाल के दिनों में लड़कियों के साथ छेड़खानी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े में पूरे राज्य में छेड़खानी के करीब चार दर्जन मामले सामने आये। इसके बाद कई मामलों में पुलिस का एक्शन भी देखने को मिला। इसके बावजूद मनचलों का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा है। वे बेखौफ होकर छात्राओं को अपना निशाना बना रहे हैं। एक तरफ पुलिस दावा कर रही है कि रांची में बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेवारी पुलिस की है। सुरक्षा के लिहाज से 100-112 और शक्ति एप का प्रचार किया जा रहा है और दूसरी तरफ लड़कियों के खिलाफ अपराध बढ़ रहा है। अब तो यह सवाल उठने लगा है कि क्या पुलिस प्रशासन के इतना भर करने से बेटियां सुरक्षित हैं।

बात शुरू करते हैं राजधानी रांची से। कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसे लेकर गंभीर हुए। उन्होंने हर हाल में आरोपी को पकड़ने और ऐसी घटनाओं को रोकने का आदेश दिया। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को सड़क पर परेड करवाया, ताकि पुलिस का डर मनचलों में बने। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। इसके बाद रांची के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने मार्च निकाला। स्कूल-कॉलेज पहुंच कर छात्राओं को भरोसा दिया कि पुलिस तत्परता से मौजूद है।

लेकिन ठीक मार्च करने के छह घंटे बाद जब एक मनचले को पुलिस पकड़ने गयी, तो टीम पर ही हमला कर दिया गया। खुद पुलिस को वापस लौटना पड़ा। बाद में कई लोगों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया।

एक-एक कर सभी मामलों पर नजर डालें, तो यह सोचने पर हर कोई मजबूर हो जायेगा कि आखिर जब भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस का खौफ मनचलों में नहीं है, तो ग्रामीण और सन्नाटा वाले क्षेत्रों में हालात कैसे होंगे। रांची के अपर बाजार का क्षेत्र, जहां भीड़-भाड़ रहती है, सुबह से लेकर रात तक इलाका गुलजार रहता है, वहां एक नहीं, दर्जनों छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की गयी। इसके बाद मेन रोड में सर्जना चौक और सदर अस्पताल के पास छेड़खानी की वारदात सामने आयी। मामला यही नहीं रुका, बल्कि एक-एक कर बढ़ता चला गया। तीसरा मामला गाड़ीखाना चौक के पास सामने आया। इसके बाद सुखदेवनगर क्षेत्र में नाबालिग को तेजाब डालने तक की धमकी दी गयी। इन सभी वारदातों में पुलिस ने अब तक सिर्फ अपर बाजार के मामले का खुलासा किया है। बाकी मामलों में पुलिस सिर्फ छापेमारी कर रही है।

शायद पुलिस भी सुस्त इसलिए है, क्योंकि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अब तक ऊपर से आदेश नहीं आया है। पुलिस सोच रही है कि आराम से आरोपी को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजेंगे।

राजधानी रांची को छोड़ दें, तो राज्य के हर कोने से लड़कियों से छेड़खानी की खबरें लगातार आ रही हैं। कस्बों और गांवों में भी इस तरह की वारदात हो रही है। सबसे अचरज वाली बात यह है कि अधिकांश मामलों में वारदात में शामिल आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ती है, बल्कि परिजन और आम लोग ही आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप रहे हैं। इस कारण सवालों के घेरे में पूरा पुलिस महकमा है। आखिर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा क्यों किया जा रहा है। अपराधियों और मनचलों का मनोबल इतना कैसे बढ़ गया है।

बेटियों की सुरक्षा के इंतजाम

इस पूरे प्रकरण में यह जानना जरूरी है कि बेटियों की सुरक्षा के लिए झारखंड में क्या इंतजाम हैं। इसमें डायल 100 और 112 के साथ शक्ति एप का हवाला दिया जा रहा है। दावा है कि इस नंबर पर कॉल करने के बाद तुरंत कार्रवाई की जायेगी। अब सवाल यह है कि आखिर छोटी और गरीब बच्चियों का क्या, जिनके पास मोबाइल फोन ही नहीं रहता है। इसके लिए पुलिस प्रशासन के पास क्या प्लान है। क्या पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा नहीं सकती है। क्या पुलिस बल की कमी हो गयी है। शहरों में स्कूलों-कॉलेजों के आसपास तो पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है, लेकिन स्कूल-कॉलेज आते-जाते समय बच्चियों को जिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है, उससे उन्हें निजात कैसे दिलायी जाये, इस पर कोई नहीं सोचता।

पुलिस प्रशासन ही नहीं, समाज को भी चुनौती

लड़कियों के साथ छेड़खानी और हिंसा पूरे समाज के लिए कलंक है। जिस झारखंड में बेटियों को बेटों से अधिक सम्मान दिये जाने की परंपरा है, जो समाज लैंगिक समानता के लिए पूरी दुनिया में चर्चित है और जहां लैंगिक अनुपात भी दूसरे राज्यों की अपेक्षा बेहतर है, वहां की बेटियां यदि छेड़खानी और हिंसा के कारण घरों में कैद हो जा रही हैं, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। लड़कियों और महिलाओं के खिलाफ अपराध केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है। पुलिस प्रशासन पर इस तरह की घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके साथ ही समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने बेटों को छेड़खानी या हिंसा नहीं करने की शिक्षा दे।

---

13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ आयोजित, झारखंड पहुंचे यूपी सरकार के दो मंत्री

प्रयागराज महाकुंभ मेला में सभी को आने का दिया न्योता

- महाकुंभ नगरी में 35 पुराने और नये पक्के घाट बनाये गये है
- 12 किलोमीटर में सभी घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी
- राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी देंगे निमंत्रण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित महाकुंभ में सभी को आमंत्रित करने उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही झारखंड पहुंचे हैं। दोनों मंत्रियों ने सोमवार को रांची के लालपुर स्थित होटल रेंड्यू में प्रेस कांफ्रेंस कर सभी लोगों को महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया। मंत्रियों ने कहा कि यूपी सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री देश के सभी राज्यों की राजधानी जाकर वहां के राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित आम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल संतोष गंगवार से मंगलवार को मिलकर उन्हें महाकुंभ के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि आप सब में बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुंभ-2019 का दिव्य एवं भव्य अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबंधन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तरीके से तैयारी कर ली है। इसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। बीस बेड के दो और आठ बेड के छोटे अस्पताल तैयार किये गये हैं। मेला क्षेत्र में 10-10 बेड के दो आइसीयू आर्मी हॉस्पिटल द्वारा बनाये गये हैं। इनमें 24 घंटे डॉक्टर तैनात रहेंगे। इनमें 291 एमबीबीएस, 90 आयुर्वेदिक और स्पेशलिस्ट, 182 नर्स तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ नगरी में 35 पुराने और नये पक्के घाट बनाये गये हैं, जो श्रद्धालुओं के स्नान में काफी सहायक साबित होंगे। इस दौरान 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी।

मंत्रियों ने कहा कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर को अपग्रेड किया गया है। इससे भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। सीसीटीवी को देखने के लिए 52 सीटर चार व्यूइंग सेंटर स्थापित किये गये हैं।

मंत्रियों ने बतायी महाकुंभ की विशेषताएं

- महाकुंभ-2025 को 2019 के महाकुंभ से भी अधिक दिव्य और भव्य बनाने का लक्ष्य है।
- महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाये जा रहे हैं।
- महाकुंभ को स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित एवं डिजिटल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
- सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया है और पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण किया गया है।
- तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की गयी है और अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं।
- महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, एआइ चैट बॉट, क्यूआर आधारित पास, डिजिटल साइनेज और स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली आदि जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- स्मार्ट पार्किंग, रिवर फ्रंट और इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर आदि जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगी। साथ ही 101 स्मार्ट पार्किंग की व्यवस्था है, जिसमें प्रतिदिन पांच लाख वाहन पार्क किये जायेंगे।

गिरिडीह में 4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, हालत गंभीर

- पीड़ित मासूम मातृत्व शिशु इकाई केंद्र में भर्ती, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। एक बार फिर से गिरिडीह में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटित हुई है। यहां एक 4 साल की मासूम बच्ची के साथ उसके ही घर के बगल में रहने वाले नाबालिग ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग (15 वर्षीय) को हिरासत में लिया है।

यह पूरी घटना बगोदर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना के संबंध में बताया गया कि बगोदर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 4 साल की मासूम बच्ची रविवार शाम को अपने घर के बाहर आंगन में खेल रही थी। इसी बीच आरोपी नाबालिग मौके का फायदा उठाकर मासूम बच्ची को अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

मासूम बच्ची मातृत्व शिशु इकाई केंद्र में भर्ती : घटना के बाद जब बच्ची खून से लतफथ होकर अपने घर पहुंची, तो बच्ची को देखकर परिजनों के होश उड़ गये। आनन-फानन में बच्ची को उसके परिजन इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम ले गये और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जहां उसे इलाज के लिए गिरिडीह चैताडीह स्थित मातृत्व शिशु इकाई केंद्र में भेजा गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के साथ बगोदर पुलिस भी मौके पर मौजूद है।

कड़ी सजा की मांग

घटना की जानकारी देते हुए बगोदर सरिया के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि बगोदर के एक गांव में 4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया है और बच्ची को इलाज के लिए गिरिडीह चैताडीह स्थित मातृत्व शिशु इकाई केंद्र भेजा गया है। परिजनों ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.0 °C	11.5 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.08 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.26 बजे

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
03

सीएम हेमंत सोरेन से मिले जेएसएससी-सीजीएल के सफल अभ्यर्थी

परीक्षा के सफल आयोजन का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सितंबर में हुए जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। अभ्यर्थियों की ओर से पांच छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मिल कर धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उधर, मोरहाबादी के बापू वाटिका के पास अभ्यर्थी

इक्कट्ठा हुए और पेपर लीक के आरोपों का जवाब दिया। सफल अभ्यर्थियों का आरोप है कि कोचिंग संस्थान अपने स्वार्थ के लिए इस तरह की बातें कह रहे हैं। जो भी अभ्यर्थी सफल हुए हैं, सब अपने मेरिट के आधार पर हुए हैं।

हाइकोर्ट ने फाइनल रिजल्ट पर लगायी है रोक

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी और धांधली के आरोपों के चलते झारखंड हाइकोर्ट ने फाइनल रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। हालांकि, जेएसएससी-सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। इस स्थिति में अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों ने रखी अपनी मांग

सफल अभ्यर्थियों का कहना है कि योग्य उम्मीदवारों को जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाना चाहिए। लंबी कानूनी प्रक्रिया से उनकी मेहनत और समय बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमारी बातों को सुना और समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगी।

डॉ ममता मनीष सिन्हा को सम्मानित किया गया

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की प्रतिभाशाली कवयित्री डॉ ममता मनीष सिन्हा को प्रसार भारती आकाशवाणी भारत द्वारा आयोजित सर्वभाषा कवि सम्मेलन 2025 में सम्मानित किया गया है। यह सम्मेलन विश्व के सबसे बड़े कवि सम्मेलनों में से एक है और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। डॉ ममता मनीष सिन्हा का चयन संथाली भाषा की अनुवादक के रूप में हुआ। उन्होंने प्रसिद्ध संथाली कवि अनल हेंब्रम की

संथाली कविता आलम पंजाइयां का हिंदी अनुवाद मुझे मत करो तलाश शीर्षक से किया। इस अवसर पर डॉ ममता मनीष सिन्हा ने कहा कि संथाली भाषा के एकमात्र अनुवादक कवयित्री के रूप में राष्ट्रीय मंच पर होने पर खुद को धन्य महसूस कर रही हूं।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

एनआईटी संख्या: एसटी-सीओएन-जेएसजी-बीईएच-4टीएच-लाइन, दिनांक: 20.12.2024। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), मुख्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700045 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के बागडिही-धुतरा तथा धुतरा-झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड खंड के बागडिही और धुतरा स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम तथा ऑटो-सिग्नलिंग अरेंजमेंट (इंडोर एवं आउटडोर दोनों) का प्रावधान, बागडिही-झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड के बीच चौथी लाइन के सम्बन्ध में झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड तथा एमसीएल ब्लॉक केबिन पर ईआई का रूपांतरण तथा धुतरा एवं बागडिही स्टेशनों पर तत्पश्चात चरण कार्य। **निविदा का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 55,43,86,895.32। **बयाना राशि:** ₹ 29,21,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का प्रकार:** खुली। उपर्युक्त निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (PR-937)

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर साधा निशाना

बाबा साहेब डॉ अंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी : संजय सेठ

अंबेडकर अपमान मुद्दे पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस से पूछे सवाल

संसद में बाबा साहेब का चित्र लगाने का विरोध किसने किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी बड़ा निशाना साधा। संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के युवराज लोकतंत्र को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है। पंडित नेहरू से लेकर आज सोनिया गांधी, युवराज राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है।

उन्होंने कहा कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर जो दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों ने देखा वह लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करने वाला था। अब कांग्रेस मसल पावर से देश को

चलाना चाहती है क्योंकि कांग्रेस पार्टी को जनता लोकतांत्रिक तरीके से पराजित कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी संसद में तीसरी बार सत्ता से बाहर हुई है। कांग्रेस सत्ता के बिना बिन पानी की मछली की तरह छटपटा रही है। कांग्रेस आज चोरी और सीनाजोरी की कहावत चरितार्थ कर रही है। सदन से सड़क तक विधि विरुद्ध आचरण करती है और हंगामा भी करती है। संसद परिसर में कांग्रेस पार्टी के सांसदों द्वारा भाजपा सांसद पर हमला होता है, महिला सांसद को अपमानित किया जाता है और कांग्रेस पार्टी के युवराज को घायलों के प्रति सहानुभूति के दो शब्द भी नहीं निकलते। अस्पताल में देखने जाने तक की फुर्सत नहीं। इससे स्पष्ट है कि यह सब घटनाक्रम कांग्रेस का सुनियोजित षड्यंत्र है।

राहुल गांधी संविधान को एक साधारण किताब समझते हैं

उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी संविधान को एक साधारण किताब समझते हैं, बार-बार उसे दिखाकर संविधान की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। जबकि भाजपा संविधान को एक पवित्र ग्रंथ मानती है और उसके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माथा टेकते हैं। संविधान के रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की सोच शुरू से नीचा दिखाने वाली रही है। कांग्रेस पार्टी से सवालिया लहजे में में श्री सेठ ने पूछा कि...कांग्रेस पार्टी बताये क्यों कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब अंबेडकर के द्वारा नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक नहीं किया।

उन्होंने पूछा कि क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने संसद के सेंट्रल हॉल में डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र को नहीं लगने दिया। कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने केवल गांधी नेहरू परिवार को भारत रत्न से सम्मानित किया लेकिन उन्हें बाबा साहब अंबेडकर की याद नहीं आयी। क्यों कांग्रेस पार्टी ने एक भी स्मारक बाबा साहेब अंबेडकर के नाम नहीं बनाये जबकि गांधी नेहरू परिवार के नाम हजारों स्मारक इस देश में कांग्रेस सरकार ने बनाये हैं। कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही एनसीआरटी की किताबों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नेहरू द्वारा कोड़े मारनेवाले कार्टून छपवाया। एम्स दिल्ली की स्थापना में जमीन दान करने वाली राजकुमारी अमृत कौर ने एम्स का नामकरण बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर रखने की इच्छा जतायी थी लेकिन कांग्रेस ने इसे खारिज कर दिया।

रोजगार उत्पन्न करने में देश ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है : अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी हजारीबाग में आयोजित रोजगार मेला में शामिल हुईं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/हजारीबाग। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार हजारीबाग में आयोजित रोजगार मेला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत सरकार द्वारा देशभर में रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये जा रहे हैं। देशभर में आयोजित होने वाले इस मेले के दौरान 40 से अधिक स्थानों पर विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि में नियुक्तियां की जायेंगी। उन्होंने कहा कि इन रोजगार मेला की सफलता हमारे प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं और मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही हैं कि हमारे देश ने पिछले कुछ वर्षों में युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न करने में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का बजट 800 करोड़ निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 21 से 24 वर्ष की आयु के 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 24 विभिन्न क्षेत्रों जैसे तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, ऑटोमोटिव, और बैंकिंग व वित्तीय सेवाओं में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि डीपीआइआइटी ने अब तक 1,17,000 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी है और इन स्टार्टअप्स ने लगभग 12.42 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां का सृजन किया।

उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (लागू 1 अक्टूबर 2020) के तहत अब तक 60.49 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के रोजगार और श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है। भारत की महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। नौकरी और उद्यम में कामकाजी महिलाओं की भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41 प्रतिशत हो चुकी है। एनआरएलएम के माध्यम से 95 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं लगभग 10 करोड़ महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। एसएचजी सदस्यों में से, 1 करोड़ से अधिक एसएचजी सदस्यों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक है, अर्थात वे लखपति दीदी हैं। एसटीइएम पाठ्यक्रमों में महिलाओं की नामांकन दर बढ़ कर 43 प्रतिशत हो गयी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

वृष समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

मिथुन आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

कर्क काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

सिंह कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

कन्या बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

तुला कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

वृश्चिक चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

धनु आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

मकर नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

कुंभ रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

मीन किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

कांग्रेस भवन रांची में डॉ रामेश्वर उरांव ने की प्रेस कांफ्रेंस

बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च आज

कांग्रेस ने की अमित शाह से इस्तीफे की मांग, डॉ. अंबेडकर के अपमान का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है, जिसमें उन पर डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह ने संसद में डॉ अंबेडकर का अपमान किया है, जो कि संविधान के निर्माता और देश के लिए एक महान व्यक्तित्व हैं। सोमवार को कांग्रेस भवन, रांची में

संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उांव ने कहा कि भारत का संविधान वह शक्ति है, जिसमें सदियों से दबे बहुजनों को अधिकार और सम्मान दिया है और भाजपा/आरएसएस संविधान पर आक्रमण कर बहुजनों को अधिकार और सम्मान के बीच दीवार बना रहे हैं ताकि बहुजन अपने अधिकार से वंचित हो जाये, आरक्षण और सामनता से दूर हो जायें। कांग्रेस भाजपा के इस मनसूबे को कभी पूरा नहीं होने देगी। 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची से अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जायेगा। मार्च के उपरांत उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की जायेगी। इस मौके पर सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, जगदीश साहू, शांतनु मिश्रा उपस्थित थे।

रोजगार मेला में संजय सेठ ने रांची के 327 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। धुर्वा के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप सेंबो में सोमवार को रांची के सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रोजगार मेला में 327 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। जिन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया, उन सभी अभ्यर्थियों का चयन सीआरपीएफ, सीआइसीफ, इंडियन पोस्ट ऑफिस, रेलवे, एसएसबी सहित अन्य कई संस्थानों में हुआ है। कार्यक्रम में संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने को संकल्पित हैं। इसी कड़ी में रोजगार मेले में देश

भर के 45 केंद्रीय संस्थानों के लिए चयनित कुल 71000 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अलावा सीआरपीएफ के आइजी साकेत कुमार सिंह, डीआइजी डीएन लाल, कमांडेंट मनीष कुमार और अमित कुमार सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जेसीआइ रांची की वर्ष 2025 की नयी टीम का चुनाव, प्रतीक बने अध्यक्ष

पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी नयी टीम : प्रतीक जैन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेसीआइ रांची की वर्ष 2025 की नयी टीम का चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस चुनाव में सदस्यों ने मत प्रक्रिया के माध्यम से प्रतीक जैन को अपना नया अध्यक्ष चुना। इस दौरान सभी सदस्य काफी उत्साहित थे।

6 उपाध्यक्ष चुने गये

नयी कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष चुने गये। जिनमें निखिल अग्रवाल, निशांत मोदी, अभिषेक जैन, मयंक अग्रवाल, साकेत अग्रवाल व तरुण अग्रवाल शामिल हैं। सचिव का पदभार सन्नी केडिया संभालेंगे। वहीं सह सचिव सौरभ जलान को चुना

गया। कोषाध्यक्ष कौशल मुरारका चुने गये।

20 नये निदेशक चुने गये : इस चुनाव में टर्म 2025 के लिए 20 नये निदेशक भी चुने गये। जिसमें आदित्य जलान, अमन सिंघानिया, किशन अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल, ऋषभ जलान, ऋषभ छापरिया, नितिन पोद्दार, अनीश जैन, ऋषि मुरारका, अक्षत अग्रवाल, ऋषभ जैन, अभिषेक नारनौली, सृजन हेतमसरिया, मनदीप सिंह, संकेत सरावगी, मोहित बागला, अंकित अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, निखिल मोदी, सौरव नरेडी शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें सभी पूर्व अध्यक्षों समेत विशाल पोद्दार, अनंत जैन ने अहम भूमिका निभाई।

नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक जैन ने आश्वासन दिया कि उनकी टीम संस्था व समाज को नये आयामों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी और नये मानदंड स्थापित करेगी।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे आइपीएस एमएस भाटिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कैडर के आइपीएस एमएस भाटिया जनवरी 2025 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे। 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी एमएस भाटिया वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और सीआरपीएफ में आइजी एडमिन हैं। गौरतलब है कि इससे पहले एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति मिल चुकी है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी दी थी।

झारखंड पुलिस में जनवरी 2025 में एक साथ डीजी रैंक में तीन पद खाली होने जा रहे हैं। इनमें 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह के

अलावा 1992 बैच के आरके मल्लिक और 1993 बैच के मुरारी लाल मीणा शामिल हैं। तीनों वर्तमान में डीजी रैंक के अधिकारी हैं। इतना ही नहीं, आइजी रैंक में भी एक पद रिक्त होने जा रहा है। 2005 बैच के आइपीएस अधिकारी आइजी जैप के पद पर पदस्थापित राजकुमार लकड़ा भी जनवरी में सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

श्रमिक संघ की कमेटी का हुआ गठन

केरेडारी (आजाद सिपाही)। चट्टीबारियातू परियोजना में रोजगार से जुड़े विस्थापित प्रभावित लोगों ने मजदूर यूनियन का गठन अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के तत्वावधान में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सतीश सिंह जबकि संचालन कुलदीप साव ने किया। बैठक में यूनियन के महामंत्री सतीश सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार और कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुआ। जिसमें कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष पद के लिए कुलदीप साव और कार्यकारी अध्यक्ष के लिए शंभु गुप्ता, सचिव कामेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष कौलेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, संगठन मंत्री रामकुमार साहू, सहसंगठन मंत्री अमन कुमार सिंह के अलावे 18 कार्यकारिणी सदस्य का चयन सर्वसम्मति से किया गया। यूनियन के महामंत्री सतीश सिंहा ने कहा कि ग्रामीणों और विस्थापित कामगारों की हो रही समस्या को लेकर यूनियन में वृहद तरीके से लड़ाई लड़नें के लिए कमरकश ली है, आगे उन्होंने कहा कि यूनियन का गठन कर लिया गया है, विस्थापित मजदूरों और ग्रामीणों को हक और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी जायेगी। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार सोनी, शंभु गुप्ता, अवधेश कुमार गुप्ता, बैजनाथ महतो, अरविंद कुमार सिंह, रामाधार सिंह, सचिन कुमार राम, प्रकाश कुमार गुप्ता, कुलदीप साव, सुरेश कुमार साव, अमन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, रोहित गुप्ता, पुवान महतो, रामचंद्र महतो, सुरेश महतो, छकन महतो, दिनेश महतो, भोला शर्मा, कुलदीप महतो, कौलेश्वर प्रसाद, राजेंद्र साव, सनी कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

सलाहकार समिति की बैठक हुई

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हीरोडीह रेलवे स्टेशन में स्टेशन प्रबधंक धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में स्टेशन कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थिति हुए और स्टेशन प्रबंधक को सलाहकार समिति सदस्य के द्वारा स्टेशन प्रबंधक को एक लिखित आवेदन देते हुए स्टेशन में सौंदर्यीकरण, अप डाउन में हाई लेबल की व्यवस्था, अप प्लेटफॉर्म पर शौचालय व्यवस्था, स्टेशन की और से पक्की सड़क निर्माण और शुद्ध पेजल की व्यवस्था की मांग किया गया। जिस से हीरोडीह स्टेशन में यात्रा करने वालो की सुविधा मिल सके। बैठक में वाणी निरीक्षक बच्चा सिंह, रामदेव मोदी, दीपक कुमार, यमुना प्रसाद, सुधीर सिंह उपस्थित थे।

मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा मेडिकल स्टोर के संचालक कुंतल कुमार बनर्जी के द्वारा सोमवार को बेहरवाटांड़ वार्ड नंबर 2 में मुफ़्त स्वास्थ जांच शिविर चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अनीसुल एवं महिला चिकित्सक डॉ शिल्पी काजल की देख रेख में लगाया गया। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ जांच कराया। मौके पर कुंतल कुमार बनर्जी ने बताया कि यह जांच शिविर गरीब परिवार के असहाय लोगों के लिए समुचित डॉक्टरों की व्यवस्था करते हुए दवाई का भी वितरण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश राम, मो अली, विक्रम एवं धर्मेन्द्र तथा अन्य लोगो का सहयोग रहा, जिसमे करीब 150 गरीब मरीजों लोगों का मुफ़्त इलाज और दवा दिया गया।

पथलगड्डा में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

चंदवारा (आजाद सिपाही)। युवा सेना क्लब पथलगड्डा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। बतौर मुख्यातिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। खिताबी भिंडत मदनगुंडी बनाम पथलगड्डा के बीच खेला गया। पथलगड्डा ने रोमांचक मुकाबले में मदनगुंडी को 3 रन से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। पथलगड्डा के अंकित कुमार को मैन ऑफ दी मैच और मदनगुंडी टीम के राहुल कुमार को प्लेयर ऑफ द सीरीज से पुरुस्कृत किया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि खेल में कोई एक टीम जीतती है बाकी अन्य तीन सीखती है। विजेता टीम को बधाई और उपविजेता सहित प्रतिभागी अन्य टीमो को भविष्य की शुभकामनाएं। मंच संचालन शिक्षक बिरेन्द्र यादव ने किया। मौके पर जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, रौशन यादव, पप्पू यादव, सुमिर यादव, प्रवीण यादव, सुबोध यादव, विजय राणा, प्रवीण सिन्हा, अमृत राणा, रमन यादव समेत कई मौजूद रहे।

एसपी ने की चेंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य व्यवसायिक संगठनों के साथ बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा पुलिस उपाधीक्षक, कोडरमा और पुलिस उपाधीक्षक, कोडरमा की उपस्थिति में शिव वाटिका, तिलैया के सभागार में चेंबर ऑफ कॉमर्स, कोडरमा से सदस्यों और जिले के विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान जिले में शांति व्यवस्था, विधि-व्यवस्था,यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपस्थिति सभी सदस्य के साथ विचार किया गया। जिसमें सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और पुलिस प्रशासन के द्वारा चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगने के लिए अनुरोध किया गया, ताकि कोडरमा जिला अंतर्गत प्रवेश और निकास स्थानों से प्रवेश करने वाले अपराध कर्मी अपराध कर भागने पर अपराधी की पहचान किया जा सके और अपराधी को गिरफ्तार किया जा सके। बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रदीप कैडीया, सचिव रामरतन महर्षी और कोषाध्यक्ष अविनाश शेठ और अन्य व्यवसायिक संगठनों के सदस्य के आलावे पुनि सह थाना प्रभारी कोडरमा सुजीत कुमार और यातायात प्रभारी पुअनि ओम प्रकाश उपस्थित थे। इस बैठक का संचालन सचिव रामरतन महर्षि ने किया।

पेंशनर्स समाज का मनाया गया स्थापना दिवस

पेंशनर्स हमेशा समाज को राह दिखाते हैं: डॉ नीरा

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। झारखंड राज्य पेंशनर्स समाज जिला शाखा कोडरमा का स्थापना दिवस सोमवार को समाज के कार्यालय परिसर में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नारायण मोदी ने जबकि संचालन रामनरेश चौधरी और राजकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि वरीय नागरिक और पेंशनर्स हमेशा समाज को राह दिखाते हैं। इनसे हम सबों को काफी कुछ सीखने के साथ ही करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका भी निभाते हैं। उन्होंने सभी से हमेशा मार्गदर्शन करने और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नारायण मोदी ने संगठन की गतिविधियों को सामने रखा। अन्य लोगों ने भी पेंशनर्स की समस्याओं को रखा और कहा कि पेंशनर्स सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान वरीय पेंशनभोगी बिन्दुमती देवी, उर्मिला देवी, श्यामपरी देवी, कलावती कुमारी नागेश्वर प्रसाद सिंह, जय जय रण, सहदेव प्रसाद, नारायण सिंह, भागवत लाल दीन, सिराजुद्दीन अंसारी, कृष्ण कुमार, परमानंद शर्मा और ब्रज किशोर सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव के अलावा बतौर अतिथि बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंधक रुचि रश्मि, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर और बैंक आफ इंडिया के जोनल मैनेजर भी मौजूद थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, सुभाष शर्मा, यदुनंदन प्रसाद, जयजय राम, सीता प्रसाद, सिराजुद्दीन अंसारी, मोती देवी, रामनरेश चौधरी, नरेश झा, सिद्धेश्वर प्रसाद, मथुरा प्रसाद चौधरी, सहदेव प्रसाद, महेश्वरी यादव, मुन्नी सिंह, चंद्रिका प्रसाद, कलावती कुमारी, श्याम परी देवी, राधिका देवी, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, उमाशंकर प्रसाद, भातू प्रसाद रजक, रमेश प्रसाद सिंह, सहदेव प्रसाद यादव, नगीना पासवान, डॉ नंद कुमार मोदी, राजकुमार सिंह, राजेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में पेंशनभोगी उपस्थित थे।

हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता

जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा: राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के उपर टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध एफआइआर के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराये जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गयी। समता समानता और न्याय के डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नहीं आयीं। इस मामले को लेकर कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ भीमराव के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे भाजपा ने सांसद की कार्रवाई ठप रखी है। यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गयी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। भाजपा ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धराओं के तहत एफआइआर दर्ज करा दी गयी। प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, संजय तिवारी, अशोक देव, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, सुरजीत नागवाला, युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साजिद अली खान, धीरज सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र के करमा के समीप सोमवार को कोडरमा की तरफ आ रही एक कार में बाइक की पीछे से जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में कार के पीछे का शीशा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक डोमचांच के दुरोडीह निवासी गौतम कुमार उम्र 18 पिता उपेंद्र यादव के कॉमर्स कॉलेज से परीक्षा देकर वापस डोमचांच लौट रहा था। इस दौरान बाइक के आगे चल रही कार से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। चिकित्सकों की निगरानी में घायल का उपचार चल रहा है।

जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जी एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के बच्चों ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी बच्चों को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा भेजे गये प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इलियास, कार्यक्रम प्रमुख सुनील शर्मा, ममता सिन्हा के द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार सिंह ने बच्चों को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दिया। कहा कि पढ़ाई में कभी देर मत करो कल जो करना है, वह आज कर लो। जो व्यक्ति पढ़ना बंद कर देता है वह धीरे-धीरे सोचना बंद कर देता है। आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। छोटे-छोटे काम करना योजना बद्ध बड़े कामों से भी बेहतर होता है। इस तरह के परीक्षा के आयोजन से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा मिलती है इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक और बच्चे शामिल हुए।

ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद बादम कोल खनन परियोजना का लोक जनसुनवाई रद्द

रैयतों ने अलग अलग झुंड बनाकर अधिकारियों को घेरे रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के अधीन बड़कागांव प्रखंड के राजस्व गांव अंबाजीत और मोतरा मौजा के लिए 110.01 एक-ड़ रैयती भूमि के लिए जिला भू-अर्जन शाखा उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग के ग्राम अंबाजीत मध्य विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को लोक सुनवाई आहूत की गयी थी। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद शाम 4:00 बजे लोक सुनवाई रद्द करने की घोषणा की गयी। लोकसुनवाई स्थल पर पदाधिकारी के पहुंचने के पूर्व ही काफी संख्या में भू-रैयत पहुंचकर इस आहुत लोक सुनवाई का विरोध करने लगे। लोक सुनवाई स्थल पर लगाये गये टेंट समियाना कुर्सी को तीतर- बितर कर दिया गया साथ ही लोग अधिकारियों को घेर रखा। ग्रामीणों का कहना था कि जब हम लोग कंपनी खुलने के पक्ष में नहीं है तो बार-बार यह लोग सुनाएं आयोजित कर हम लोग को परेशान क्यों किया जा रहा है। रैयतों ने अलग-अलग झुंड में हजारीबाग अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार, बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, एनटीपीसी के एमडीओ कंपनी के महाप्रबंधक सत्यनारायण पूर्ति उर्फ सत्या को घेर रखा। अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा घेरे जाने के बाद एनटीपीसी के अधिकारी वहां से नौ दो ग्यारह हो गये। ग्रामीणों का मांग थी कि आज की लोक सुनाएं रद्द करने का लिखित दिया जाये। दिन भर उपस्थित पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी से राय मशविरा लेते रहे। उपस्थित पुलिस के लोग अधिकारियों को ग्रामीणों के घेरे से कई बार निकालने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामीणों की जिद के कारण पुलिस पदाधिकारी भी विवश दिखे। कंपनी के पक्ष में पहुंचे रैयत विरोध करने वाले रैयतों के आगे सभी घुटने टेके नजर आये। विरोध करने वाले ग्रामीणों के आगे समर्थन करने वाले ग्रामीणों का वकार भी नहीं निकल पा रही थी। विरोध कर रहे ग्रामीण बीच-बीच में उपस्थित अधिकारियों और पत्रकारों के बीच भी बदसुलूकी की करते दिखे। अंततः लगभग 4:00 बजे अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा लोक सुनवाई रद्द करने के लिए लिखित देने के बाद सभी पदाधिकारी को मुक्त किया गया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा लिखित दिया गया कि आम सूचना संख्या 2116 भू-अर्जन हजारीबाग दिनांक 3.12.2024 द्वारा 23. 12. 2024 को ग्राम अंबाजीत और मोतरा हेतु 10:30 बजे पूर्वाहन से मध्य विद्यालय अंबाजीत में भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियमावली 2015 के नियम 11 के अपबंधों के अधीन उक्त प्रभावित क्षेत्र में जनसुनवाई आयोजित कर ड्राफ्ट रिपोर्ट जनसुनवाई के पटल पर रखना है और इसके प्रमुख निष्कर्ष को बढ़ाना है। निष्कर्ष पर मंतव्य मांगना है, और मंतव्य मांगने के लिए जनसुनवाई मेरे अध्यक्षता में होना है, परंतु जनसुनवाई नहीं होने देने का ग्रामीणों का लगातार विरोध हुआ ग्रामीण जनसुनवाई नहीं होने दे रही है फलस्वरुप आज का जनसुनवाई नहीं हो सका। फलस्वरुप आज का जनसुनवाई रद्द किया गया। पर्यावरण पदाधिकारी प्रणव कुमार ने कहा कि यह लोक सुनवाई सिर्फ अम्बाजीत और मोतरा गांव के लिए रखा गया था लेकिन उक्त दोनों गांव के रैयत लोक सुनवाई का विरोध नहीं बल्कि दूसरे गांव से आये लोग कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुलिस बल तैनात थे।

हजारीबाग स्वर्णकार संघ का सेवा समर्पण लगातार जारी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग स्वर्णकार संघ का समाज के प्रती दायित्व का निर्वहन और सेवा समर्पण लगातार जारी है। सोमवार को स्वर्णकार संघ ने वृद्धा आश्रम हजारीबाग मे असहाय बुर्जुगों के बीच कंबल, सॉल और फलों का वितरण किया। संघ के सक्रिय सदस्य भास्कर वर्मा ने कहा की स्वर्णकार संघ समाज सेवा कर अन्य लोगों को खास कर युवाओं को एक संदेश देना चाहते है कि उम्र के इस पड़ाव में जब इन बुर्जुगों को अपनो की जरूरत है तब इन्हें अकेलेपन का सामना करना पड रहा है। युवाओं को इस बात का ध्यान देने की जरूरत है कि मात-पिता का दर्जा सबसे उपर होता है। राकेश वर्मा ने कहा कि स्वर्णकार संघ का यह निस्वार्थ सेवा भाव रूकने वाला नहीं है। स्वर्णकार संघ के सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग किया जिनमें भास्कर वर्मा, राकेश वर्मा, राजकुमार सोनी, रंजीत सोनी, संजय सोनी, बब्लु सोनी, सावन सोनी, शशि सोनी मौजूद रहें।

राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा रविवार को शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा और विभागीय शिक्षक डॉ प्रमोद कुमार और डॉ अजय बहादुर सिंह ने विभाग के शोधार्थियों और तृतीय समसत्र के विद्यार्थियों को जोन्हा जलप्रपात का भ्रमण कराया। परिभ्रमण का विषय था 'अपने झारखंड को जानो।' इससे पूर्व विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिभ्रमण के विषय में जानकारी दी गयी। जोन्हा जलप्रपात पहुंचकर विद्यार्थियों को झारखंड की प्राकृतिक खूबसूरती से परिचित कराया गया। यह भी बताया गया की प्रकृति की गोद में जाकर और प्रकृति का सम्मान करते हुए आनंद कैसे लिया जाये। विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की भी कुछ जानकारी दी गयी। सामूहिक भोजन का लुफ्त भी सब ने उठाया। यहां शिक्षा दी गयी कि भोजन को बर्बाद नहीं होने देना है। खट्टे-मीठे यादों के साथ विद्यार्थी देर शाम को लौटे। यह संकल्प लिया गया कि हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और व्यवस्था को धीरे-धीरे जरूर बदलेंगे।

पति ने खोजबीन की लगायी गुहार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेडोकला गांव से विवाहिता की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्राम बेडोकला निवासी विकास चौधरी ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी को लेकर थाना में आवेदन देकर खोजबीन का गुहार लगाया। आवेदन में लिखा कि उसकी पत्नी सुलेखा देवी उम्र 25वर्ष जो 21 दिसम्बर सुबह दस बजे अपनी सास फुलवा देवी से आधार कार्ड मांग कर अपनी बहन रिंकु देवी पति उमेश यादव के घर लोकिया गांव जाने की बात बोलकर निकली। जब देर शाम तक वह वापस घर नहीं लौटी तो हमलोगों ने उसकी हान के घर पर पता किया तो उसकी बहन ने बताया मेरा घर नहीं आयी है। काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। पुलिस आवेदन मिलने पर मामले की खोजबीन कर रही है।

कैंपियन बेसिक एकेडमी में वार्षिक खेल उत्सव

इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। दो दिनों तक चलने वाले इस खेल उत्सव का आज पहला दिन है। विद्यालय का मैदान जोश, जुनून और उत्साह से भरा हुआ था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुखिया अशोक कारदार, विशिष्ट अतिथि 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और हदारी पंचायत के मुखिया अशोक राम ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर किया। तत्पश्चात परेड और ड्रिल का कार्यक्रम किया गया। छात्रों ने स्पून रेस, 100 मीटर रेस, कैचिंग द बस, फ्रॉग रेस, 100 मीटर रिले रेस और व्हील बेरो रेस जैसे ऊजार्वान और मनोरंजक खेल कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ऊजार्वान प्रदर्शनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद, प्रबंधक गणेश शंकर मदन और प्राचार्या सुरभि वर्मा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

बिना फीस दिये परीक्षा फार्म भरने का बनाया जा रहा दवाब: सच्चिदानंद

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पटेल इंटर महाविद्यालय में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कालेज सचिव डॉ सच्चिदानंद ने कहा कि उनके कालेज मे सत्र 2023-25 मे 11वी और 12वी में छात्र बिना कॉलेज फीस जमा किये हुए कॉलेज प्रशासन पर 12 वी का परीक्षा फार्म भरवाने का दबाव बना रहे हैं। कॉलेज सचिव सच्चिदानंद ने बताया कि महाविद्यालय में कुल 128 सीट इंटर कला और विज्ञान संकाय में विद्यार्थियों के नामांकन के लिए हैं। सत्र 2023-25 में छात्रों ने नामांकन लिया, लेकिन 58 छात्रों ने सिर्फ पंजीयन शुल्क 1750 रुपये प्रति छात्र करके जमा किया और कॉलेज की कला और विज्ञान संकाय की फीस नहीं जमा की। कला संकाय की फीस 14500, विज्ञान संकाय की फीस 17000 रुपये है जो छात्रो ने नही जमा किया है। जैक रांची के द्वारा परीक्षा नोटिस निकलने पर छात्र अभिभावक आकर कॉलेज परीसर मे हंगामा करने लगे। परीक्षा फार्म भरवाने का कालेज प्रशासन पर दबाव बनाने लगे। गत 21 दिसंबर को कॉलेज परिसर में आकर कुछ असमाजिक तत्व ने हंगामा किया। उन्होंने पेपर फाड़े और अभद्र व्यवहार किया। मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे। कॉलेज सचिव ने इस मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी, जिसके बाद पुलिस ने आकर मामला शांत करवाया। सचिव ने कहा कि जब तक छात्र अपनी कॉलेज फीस जमा नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

जेएलकेएम प्रत्याशी के पिता का निधन

केरेडारी(आजाद सिपाही)। बीते विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडे जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार के पिता पुनीत महतो का निधन सोमवार को सुबह दस हो गया। वे करीब सौ वर्ष के थे व अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनके निधन पर प्रखण्ड के तमाम राजनितिक दलों के नेताओं, प्रशासनिक अधिकारीयों, समाज सेवियों और पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। केरेडारी स्थित डैम के समीप शमशान घाट पर मंगलवार को इनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। विदित हो की स्व पुनीत महतो एक एक जाने माने समाजसेवी व मृदुभाषी व्यवहार के लिए चर्चित थे।

सेंट्रल सौंदा में सदस्यता अभियान शुरू

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल द्वारा सोमवार को सेंट्रल सौंदा में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यता अभियान के प्रभारी गिरधारी गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, वाहिद अंसारी, शौकत खान, जवाहर यादव व संजय यादव ने किया। कार्यक्रम में जनता मजदूर संघ बच्चा सिंह गुट के श्रमिक नेता अपने दर्जनों समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण किये। इन सभी को सदस्यता अभियान प्रभारी गिरधारी गोप ने राजद की सदस्यता ग्रहण कराते हुए बताया कि यह अभियान 2025-2029 के तहत चलाया जा रहा है। सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुख्य रूप से ललन सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बृजमोहन कुमार सिंह, लालमोहन गोप, जीतू यादव, रितेश सिंह, जफर आलम, अनिशूल कादरी, फिरोज खान, रामजी भुईयां, बिगन उरांव, उपेंद्र यादव, समित कुमार, ललन यादव, काली सिंह, ज्योति राम, दीपक यादव, शिवधन यादव सहित दर्जनों लोग शामिल हैं। इधर राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि ललन सिंह के दल में आने से हमारा संगठन और मजबूत होगा।उन्होंने कहा की राजद कोयलांचल के लोगों के हर दुख-साथ में खड़ा रहेगा। श्री यादव ने कहा कि हम लालू के सिपाही हैं संघर्ष करना जानते हैं।

रेलीगडा पंचायत के डीलर सावरमल शर्मा निलंबित

गिददी (आजाद सिपाही)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देशानुसार रेलीगडा डीलर साबरमल शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विदित है कि जुलाई 2024 महीना में प्रखंड आपूर्ति प्राधिकारी डाडी के द्वारा जांच की गयी थी जिसमें सांवरमल शर्मा द्वारा अनाज वितरण में अनियमितता पायी गयी थी। इस संदर्भ में प्रखंड प्रमुख और बुंडू क्षेत्र के बड़े पैमाने पर कार्ड धारी के द्वारा लिखित आवेदन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया था। इसी आलोक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जांच की गयी और प्रथम दृष्टिया अनियमितता उजागर होने पर कार्यवाही की अनुशंसा करते हुए कार्रवाई की गयी। जिसके आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा स्पष्टीकरण किया गया स्पष्टीकरण में जवाब सही रूप से नहीं देने के कारण और उससे संतुष्ट नहीं होने के कारण अंतत उन्हें निलंबित कर दिया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा सभी डीलरों को यह संदेश दिया गया है कि कार्ड धारी को वितरण समय पर करें यदि कार्ड धारी के द्वारा किसी तरह की लिखित शिकायत की जाती है और जांच में अनियमितता अगर पायी जायेगी तो उन पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। सभी डीलर वितरण सही ढंग से और समय से करें ताकि कार्ड धारकों को प्रत्येक महीने अनाज मिल सके।

'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में 19 से 24 दिसंबर तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत के द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अभियान मोड में जन शिकायत मामलों अथवा सीपीग्राम पोर्टल पर आए मामलों को निष्पादित किया जाना है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी कार्यशाला और बैठक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के दौरान रामगढ़ जिले में विगत 5 वर्षों में सुशासन सप्ताह के उद्देश्यों के तहत किये गये विकास कार्यों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन, रामगढ़ शहर अंतर्गत डीएमएफटी मद से निर्मित लाइब्रेरी, आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन आपूर्ति सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता, नवजात बच्चों के स्वास्थ्य हेतु संचालित स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट और इसके माध्यम से बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही है। कार्यशाला के दौरान विजन डॉक्यूमेंट 100 हंड्रेड पर भी चर्चा की गयी। जिसमें सभी विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं से आम लोगों को अच्छादित किया जायेगा। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान को लेकर कार्यशाला

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य और अन्य क्षेत्र में सुशासन पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी शामिल हुए। इस दौरान सुशासन से संबंधित प्रमुख मुद्दों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति, ग्रामीण स्तर पर सेवा प्रदायगी में सुधार, सरकार द्वारा संचालित योजनओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गयी। साथ ही बिरहोर टोला में पानी, सड़क समेत अन्य सुविधाओं को चिन्हित करते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कार्यालयों में अपने कार्यो का निर्वहन समय पर और शीघ्र करें, जानकारी हेतु या किसी प्रकार का शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में उसका निष्पादन शीघ्र करें, अगर कोई शिकायतकर्ता/आमलोग आपसे मिलते है तो उसे अच्छी तरह से जानकारी दें। उन्होने बताया कि सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक प्रखण्डवार कैंप लगाकर शिकायतों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्रम में 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2024 तक जिले के सभी प्रखंडों में लगाये गये अब तक कुल 76 शिविर में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कुल 8256 शिकायतों में से 5993 शिकायतों का निष्पादन किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, ई डी एम चतरा, डीपीओ यूआईडी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

बीओबी के कैश काउंटर पर उचक्कों ने काटा ग्राहक का थैला, उड़ाये 1 लाख रुपये

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। बैंक से पैसे निकाल कर घर जाने वाले लोगों को अक्सर बाइकर्स गैंग और उचक्के अपना शिकार बनाते हैं। सोमवार को इन शातिर अपराधियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के अंदर ही एक ग्राहक का थैला ब्लेड से काट दिया। बैंक के कैश काउंटर पर पैसे जमा करने गई महिला से एक लाख रुपये उड़ा लिए। महिला को इसकी भनक तब लगी जब वह कैश काउंटर पर अपने थैले से रुपये निकालने लगी। उसने देखा कि थैला फटा हुआ है और 500 के दो बंडल गायब हैं। यह घटना एक ऐसी महिला के साथ घटी है जो रांची रोड मरार में फुटपाथ पर जूते और चप्पल बेजती है।

कंपनी के खाते में जमा करना था 1.70 लाखः रांची रोड रामाग्लास निवासी पीड़िता गुड़िया देवी सोमवार को अपने पति सुनील कुमार के साथ रामगढ़ थाना चौक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच में पहुंची थी। यहां उसे एक कंपनी के खाते में 1.70 लाख रुपये जमा करने थे। बैंक में तीन कैश काउंटर मौजूद हैं। लेकिन एक ही काउंटर संचालित किया जा रहा था। जिसकी वजह से वहां भीड़ हो गयी थी। महिला नगद जमा पर्ची भरकर कतार में लग गयी। इसी दौरान वहां तीन उचक्के पहुंचे। उन लोगों ने उसका ध्यान भटकाया और बैंक की पर्ची भी फाड़ दी। जब महिला ने अपने पति को दोबारा पर्ची भरने के लिए भेजा, इसी दौरान उचक्कों ने ब्लेड से उसका थैला काट दिया और एक लाख रुपये लेकर फरार हो गये।

उजागर हुई बैंक कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी की लापवाही

बैंक परिसर से उचक्के जितने आराम से ग्राहकों को लूट कर निकल जा रहे हैं, उससे यह साबित होता है कि बैंक कर्मचारी और उनके सुरक्षाकर्मी बेहद लापरवाह है। जब कैश काउंटर पर ग्राहकों का थैला काट कर पैसे निकाले जा रहे हैं तो बैंक के बाहर ग्राहकों की सुरक्षा असंभव है। कहीं ना कहीं इन उचक्कों को बैंक कर्मचारियों की सह मिल रही है। ब्रांच मैनजर आशुतोष कुमार आनंद ने बताया कि बैंक परिसर में सभी कर्मी ग्राहकों की सुरक्षा को तवज्जो देते हैं, लेकिन इस घटना ने सबको चौका दिया है। हालांकि वहां मौजूद अन्य ग्राहकों ने बैंक मैनेजर और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी

घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा परिसर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की शिनाख्त करने का प्रयास शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे की क्वालिटी बहुत अच्छी नहीं है। जिसकी वजह से स्पष्ट तस्वीर नहीं आ पा रही हैं। बैंक के मुख्य द्वार पर भी सिर्फ एक कैमरा है, जिसमें अपराधियों की तस्वीर साफ नहीं आ पायी है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

शराबी हाइवा चालक ने अधेड़ को कुचला, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। थाना क्षेत्र के उड़सू मुख्य पथ पर भीषण सड़क दुर्घटना घटी। यह घटना सोमवार दोपहर 1 बजे की है। बताया गया की एक हाइवा संख्या जेएच जीरो टू बी आर 8967 के शराबी चालक ने आम्रपाली खदान कोयला लोड लेने जा रहा था, और लूना सवार तेलियाडीह निवासी हाइवा मालिक गोपाल साव उसी दिशा में अपना घर जा रहा था। हाइवा ने बाई ओर लूना को अचानक चपेट में ले लिया और 5 मीटर तक घसीट कर ले गया। राहगीरों ने हाइवा के चालक को जबरन रुकवाया। तब तक गोपाल साहू की मौत हो चुकी थी। चूंकि हाइवा का चक्का उसके पैर पर चढ़ चुका था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि चालक ने ठोकर को स्पीड में पार किया लूना को टक्कर मारा लूना सवार सड़क पर गिर गया। हाइवा चालक ने और स्पीड से चलाने की कोशिश की हल्ला करने पर लूना सवार के शरीर पर चढ़ा के ब्रेक मार दिया। जिससे उसकी मौत मौके पर हो गयी। बखुलाई ग्रामीण सड़क को जाम कर दिया समाचार लिखे जाने तक नौकरी मुआवजा की मांग पर अड़े थे। मृतक की पहचान तेलिया डीह पंचायत निवासी गोपाल साव 45 वर्ष के रूप में हुई। घटना स्थल पर मृतक गोपाल की परिजन का रो-रो कर बुरा हाल था। उसके एक पुत्र कृष्ण कुमार 23, श्रद्धा कुमारी 19, अंजलि कुमारी 17, हेमा कुमारी 15 वर्ष एक पत्नी के ऊपर बाकी जीवन के लिए पहाड़ खड़ी हो गयी। जाम स्थल पर आक्रोशित ग्रामीणों ने अलग सड़क मार्ग की मांग प्रखंड प्रशासन से कर रहे थे। वही सीओ विजय कुमार दास ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। सीओ विजय ने कहा की हमलोग आप सब का आवेदन को ऊपर तक भेज सकते है। अलग सड़क मार्ग मांग स्थानीय विधायक, सांसद सदन मांग करेंगे तभी अलग सड़क मार्ग बनेगा। कोयला ट्रांसपोर्टिंग बंद किये जाने से सैकड़ों हाइवा चालक होटल संचालक गैराज के मिस्त्री हेल्पर भूखे मरने लगेंगे।

टेलीफोन उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज / चतरा। राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण और महाविधालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में टेलिकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसएनएमएम सोशल डेवलेपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित की गयी थी। इस कार्यक्रम में कंज्यूमर ऑगेर्नाइजेशन के सदस्य प्रदीप कुमार और पन्ना लाल उपस्थित थे। एक दिवसीय टेलिकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ट्राई के उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली के साथ ही उपभोक्ता हित के संरक्षण के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। इस मौके पर वक्ता प्रदीप कुमार द्वारा पीपीटी और विडियोज के माध्यम से स्मार्ट बोर्ड पर ट्राई द्वारा उपभोक्ता हित में चलाए जा रहे जागरूकता की जानकारी दी गयी। टेलिकॉम उपभोक्ता अपनी शिकायत कैसे कर सकते हैं और उन शिकायतों का समाधान में ट्राई की भूमिका पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया और ट्राई द्वारा उपभोक्ता हित में जारी ट्राई डू नॉट डिस्टर्ब ऐप, ट्राई मै कॉल ऐप के बारे में साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गयी। वक्ता पन्ना लाल द्वारा ट्राई व्हाट्स आप चैनल को सब्सक्राइब करने को कहा गया। इस मौके पर फ्रॉड कॉल और साईबर ठगी से बचने पर क्विज प्रतियोगिता और शिकायत निवारण के फॉर्म भी भरा कर बचने और लोगों को इस फ्रॉड से बचाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया गया। पीओआरटी, डीएनडी, भीएएस जैसे अहम नंबर की जानकारी दिया गया, साथ ही एक्टिव और डी एक्टिव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेन्द्र कुमार सिंह, डा फहीम अहमद, प्रो फखरुद्दीन अंसारी, प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो पंकज कुमार, प्रो रामजीत यादव, प्रो ताहिर हुसैन, प्रो श्वेता सिंह, कुंदन कुमार, विक्की कुमार, भूषण कुमार के अतिरिक्त सैकड़ों छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन
शामिल हुए 274 प्रतिभागी, विजेता हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग के द्वारा रामगढ़ अंचल में अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता की विभिन्न विधाओं में कुल 274 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। सिदो-कान्हू मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता और सरस्वती माता के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर ओंकार, गायत्री मंत्र, श्रीराम स्तुति के साथ किया गया। मौके पर जिला संघ चालक शत्रुघ्न प्रसाद, कमल बगड़िया, अमित सिन्हा, राजेश ठाकुर, अभिषेक जसवाल, विनीत मारवाह, राजेश मोदी, ओमप्रकाश कुशवाह, रितेश कश्यप, डॉ नारायण सिंह, जन्मेंजय प्रताप, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, धनंजय पुटुस, आयोजन समिति अध्यक्ष विशाल जायसवाल, सचिव अंकित रनर अपने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में रामगढ, गोला, बरलंगा, पतरातू, भुरकुंडा, कुजू, मांडू, सिल्ली, सोनाहातू से कुल 274 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी प्रतियोगिता हुई आयोजित : इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, बालक बालिका का खेल कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया।

प्रतियोगिता में विजेताओं की सूची : इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंकित रनर एवं महावीर महतो की टीम की भूमिका अहम रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम धनंजय पुरण, द्वितीय विक्की कुमार, तृतीय अर्जुन नायक रहे। बालिका वर्ग में प्रथम तेजस्वी कुमारी, द्वितीय कोमल कुमारी, तृतीय भारती कुमारी रही। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम आशीष कुमार, द्वितीय शिव कुमार, तृतीय अभिनेश उरांव, बालिका वर्ग में प्रथम कोमल कुमारी, द्वितीय राखी कुमारी, तृतीय खुशबू कुमारी रही। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम आशीष कुमार, द्वितीय सुदेश बेदिया, तृतीय निमेष कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय रूपा कुमारी, तृतीय तेजस्वी कुमारी रही। ऊंची कूद बालक वर्ग में प्रथम आशीष कुमार, द्वितीय शनि कुमार, तृतीय लक्ष्मण बेदिया, बालिका वर्ग में प्रथम अर्चना कुमारी, द्वितीय संध्या महतो, तृतीय निक्की कुमारी रही। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम शनि मुंडा, द्वितीय धनंजय पुरण, तृतीय लक्ष्मण बेदिया, बालिका वर्ग में प्रथम विभा कुमारी, द्वितीय आशा कुमारी, तृतीय रूपा कुमारी रही। कबड्डी के बालक और बालिका वर्ग में रामगढ़ की टीम विजय रही। मौके पर गजानन पंडित, विश्वजीत महतो, राजकिशोर महतो, चन्द्रशेखर कुमार, खिरेंद्र कुमार, उमेश कुमार, नन्दकिशोर महतो, गंगाधर महतो, बालमुकुंद महतो, जनार्दन महतो, गुलाम राम दांगी, नागेश्वर महतो, अंगद महतो, दुर्गा प्रसाद महतो, जयन्ती देवी, शान्ती देवी, कौशैला देवी, रीता कुमारी, सुखराम बेदिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

एकल विद्यालय से लाभांवित हो रहे गांव के बच्चे

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि एकल अभियान ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो सुदूरवर्ती गांव में एकल विद्यालय सुचारू रूप से चला रहा है। इससे गांव के बच्चों को लाभ भी मिल रहा है। खेलकूद के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर एकल अभियान अभ्युदय युथ क्लब के माध्यम से किया जा रहा है।

जरूरतमंदों को दिया गया कंबल

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत सरैया टोला स्थित दामोदर मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में सोमवार को दामोदर मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच एक हजार कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण का शुभारंभ दामोदर मिनरल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सह समाजसेवी गजानंद प्रसाद के हाथों किया गया। इस दौरान गजानंद प्रसाद ने कहा कि दामोदर मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड की और से प्रत्येक वर्ष के तरह इस वर्ष भी ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब और असहाय की परेशानियों को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। जो काफी सारहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। मौके पर महेश प्रसाद, गायत्री देवी, अंजलि रानी, सिमरन, प्रभात कुमार, अविनाश कुमार, संजय गुप्ता, लोकनाथ साव, समेत दामोदर मिनरलस प्राइवेट लिमिटेड के कई कर्मी उपस्थित थे।

बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने की शैक्षणिक भ्रमण

कुजू (आजाद सिपाही)। बाल विद्या मंदिर, आरा के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ऐतिहासिक राजगीर और नालंदा ले जाया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने बिहार के दो प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन किया। साथ ही, ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत हुए। प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद अवसर होता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी नए-नए दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं। ऐसी यात्रा से बच्चों के जीवन में साहस और नए अनुभव की प्राप्ति का अवसर मिलता है। जो बच्चों को सकारात्मक प्रभाव डालता है। ऐसी यात्रा से बच्चों के जीवन में सकारात्मक विकास होता है। भ्रमण के दौरान छात्र ऐतिहासिक जगह राजगीर के प्रमुख स्थलों में ब्रह्मकुंड, सूर्यकुंड, विश्व शांति स्तूप के बारे जानकारी हासिल की। वहीं, प्रमुख स्थान नालंदा का खंडहर का भ्रमण करते हुए शिक्षकों से ऐतिहासिक जानकारियां हासिल की। मौके पर कई शिक्षक और विद्यार्थी शामिल रहे।

अल मदद गौस ए आजम ट्रस्ट ने दी सहयोग राशि

चलकुशा (आजाद सिपाही)। अल मदद गौस आजम ट्रास्ट मसकेडीह के द्वारा जास्मिन बेगम पिता मो० कलीम अंसारी ग्राम झुरझुरी थाना बरकट्ठा निवासी जो कैंसर से पीड़ित हैं उसके इलाज के लिए ट्रास्ट के द्वारा दस हजार रूपये का सहयोग राशि दिया गया, और पीड़ित जल्द स्वस्थ हो इसके लिए लोगों ने इश्वर से मनोकामना की।

टीबी उन्मूलन को लेकर डीसी ने की समीक्षा

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में टीबी उन्मूलन को लेक्ट 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने इस अभियान की समीक्षा की और सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को कई निर्देश दिये। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने डीसी को जानकारी गयी की 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान और उनके उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का नि:शुल्क चेस्ट एक्स-रे व अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने और सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पेयजल आपूर्ति समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। नियमित पेयजलापूर्ति विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर सेवटा शिव मंदिर में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से जेएलकेएम मांडू विस प्रत्याशी बिहारी महतो, जेएलकेएम केंद्रीय सचिव रवि कुमार महतो शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शिवदयाल प्रसाद और संचालन तेकेश्वर प्रसाद और प्रेमजीत प्रसाद ने किया।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 433 date 05.12.2024, I, Suraj Kumar Modi S/o Mishra Modi R/o Vill-Block More, Patratu, PO+PS-Patratu, Dist-Ramgarh(Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1.That my/my daughter's Nationality is Indian. 2.That my daughter's Aadhaar Card No. is 631857594557. 3.That in my daughter's Birth Certificate mentioned as ESHI ISHA but in Aadhaar Card No. 631857594557 my daughter name is mentioned as Ishika Raj. That, I want to change my daughter's name as ESHI ISHA in place of Ishika Raj. 4.That ESHI ISHA & ISHIKA RAJ both are names of same and single grirl who is my daughter.
5.That from till today My daughter's known as only Eshi Isha. 6.That I sworn this affidavit to rectify & mention my daughter's actual name ESHI ISHA in place of her wrong name ISHIKA RAJ in my daughter's aforesaid Birth Certificate & Aadhaar Card.
7.That I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose. 8.That, the contents made above are true and correct, If found false I shall be punishable under Law.

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 439 date 20.12.2024, I, Balo W/O Sanatan Ghasi, aged about 56 years, Resident of village-Dhori Staff Quarter, P.O Dhori, P.S. Bermo, Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhaar card vide No. 3130 3244 0874 my name has been mentioned as Bala Devi W/O Sanatan Ghansi and in my Bank account of Bank of India Branch Bermo vide A/c No- 525210110006251 my name has been mentioned as Bala Devi W/O Santan Ghasi but in my husband's CCL Form F my name has been mentioned as Balo W/O Sanatan Ghasi.. 3. That, Bala Devi and Balo both names are one and same person i.e. myself and Sanatan Ghansi, Santan Ghasi and Sanatan Ghasi all names are one and same person i.e. my husband.
4. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose. 5. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.

देश में वन क्षेत्र पर सवाल

देश में वन क्षेत्र की स्थिति बताने वाली ताजा रिपोर्ट (आइएसएफआर-2023) इस मायने में पॉजिटिव कही जा सकती है कि यह न केवल ट्री कवर बल्कि फॉरेस्ट कवर भी बढ़ने की जानकारी देती है। लेकिन रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से गौर करें तो कुछ ऐसे सवाल भी उभरते हैं, जो इस पॉजिटिविटी से अलग कड़वी हकीकत की ओर संकेत करते हैं। पहली नजर में यह तथ्य राहत दे सकता है कि देश में पिछले दो वर्षों में वन और वृक्ष क्षेत्र का दायरा देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के एक चौथाई से ज्यादा (25.17%) हो गया है। लेकिन इसे भी भुलाया नहीं जा सकता कि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के मुताबिक पारिस्थितिकीय स्थिरता कायम रखने के लिए देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33% हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए। खास बात यह भी है कि हरियाली क्षेत्र में जो बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, उसका अधिकतर हिस्सा प्राकृतिक वन क्षेत्र (रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया) से बाहर है, जो प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री का नतीजा है। निश्चित रूप से इन प्रयासों की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र के भरे-पूरे पेड़ों की वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाये गये पौधों से तब तक तुलना नहीं हो सकती, जब तक कि ये पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो जाते। कुल हरियाली क्षेत्र में हो रही इस बढ़ोतरी के बीच भी इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में प्राकृतिक वनों के नष्ट होने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी रिपोर्ट में 1234.95 वर्ग किलोमीटर मॉडरेटली डेंस फॉरेस्ट (कम घने जंगल) और 1189.27 वर्ग किलोमीटर ओपन फॉरेस्ट नष्ट होने की बात कही गयी है। हालांकि वेरी डेंस फॉरेस्ट (अधिक घने जंगल) की कैटिगरी में 2431.50 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी भी हुई है। मगर इससे यह संकेत मिलता है कि जंगलों के स्तर और उसकी प्रकृति में बदलाव आ रहा है। ऐसे में वन संशोधन नियम (2023) को लेकर चल रही बहस की अहमियत भी बढ़ जाती है। इस संशोधन में गैर वर्गीकृत जंगल का संरक्षण हटाने की बात है। वैसे, मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, लेकिन गौर करने की बात है कि इस श्रेणी में टोटल फॉरेस्ट कवर का 16% से ज्यादा हिस्सा आ जाता है, जो इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से संभावित खतरे के दायरे में आ जायेगा। कुल मिला कर, प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री के जरिए हरित क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र का संरक्षण भी उतना ही अहम है।

कुल हरियाली क्षेत्र में हो रही इस बढ़ोतरी के बीच भी इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में प्राकृतिक वनों के नष्ट होने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी रिपोर्ट में 1234.95 वर्ग किलोमीटर मॉडरेटली डेंस फॉरेस्ट (कम घने जंगल) और 1189.27 वर्ग किलोमीटर ओपन फॉरेस्ट नष्ट होने की बात कही गयी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समाज सुधारक राजा राममोहन राय ने महिलाओं के खिलाफ सती प्रथा जैसी कुरीतियों को बंद कराया। महिला अधिकारों को आज सबसे जागरूक समझे जाने वाले केरल राज्य में 18वीं-19वीं सदी में दलित स्त्रियों से बेहद बुरा बर्ताव हो रहा था। उन्हें वक्ष ढंकने की इजाजत नहीं थी। पढ़ना-लिखना मना था। उनका सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश वर्जित था और यहां तक कि उन्हें बाजारों में भी नहीं घुसने दिया जाता था।

महिलाओं की सत्ता में बराबरी के अधिकार की लड़ाई अभी बाकी

अकु श्रीवास्तव

6 दिसंबर 2007 को सुप्रीम कोर्ट ने रूढ़िवाद पर आधारित महिलाओं पर बंदिश लगाने वाले कानून को खारिज किया। यह ऐतिहासिक दिन था। इसके बाद धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाने वाले संविधान के अनुच्छेद 15 की महिलाओं के अधिकारों के संबंध में व्यापक व्याख्याएं हुई हैं।

उक्त मुकदमे में याचिकाकर्ता थे अनुज गर्ग एवं अन्य तथा प्रतिवादी थी होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य। न्यायमूर्ति एसबी सिन्हा और हरजीत सिंह बेदी की पीठ द्वारा पंजाब आबकारी अधिनियम-1914 की धारा 30 को चुनौती दी गयी है, जो 25 वर्ष से कम आयु की महिला को किसी ऐसे परिसर में जाने से रोकती थी, जहां शराब या मादक पदार्थ का सेवन जनता द्वारा किया जाता है।

इस तरह महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में कहा जा सकता है कि लैंगिक समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान में निहित है। इसमें मूल अधिकार से जुड़ा 14वां अनुच्छेद भी शामिल है, जिसमें विधि के समझ समान संरक्षण प्राप्त है।

अमेरिका जैसे विकसित देश में महिलाओं के राजनीतिक वर्चस्व को स्वीकार करने में हिचक है।

विद्वानों का मानना है कि वैदिक काल के प्राचीन भारत में महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में बराबरी का दर्जा हासिल था। हालांकि स्मृतिकाल में उनके स्तर में बदलाव आना शुरू हो गया है। चौथी शताब्दी ई.पू. के माने जाते अपस्तंभ सूत्र में नारी सुलभ आचरण संबंधी नियमों को 1730 में त्रयंबकयज्वन ने स्त्रीधर्मपद्धति में संकलित किया था। इसका मुख्य छंद था मुख्यो धर्मः स्मृतिषु विहितो भातृर्शुश्रुषानाम हिः अर्थात स्त्री का मुख्य कर्तव्य उसके पति की सेवा से जुड़ा है। मध्यकाल में बाहरी आक्रमणों के कारण भारतीय समाज में महिलाओं पर कई तरह की बंदिशें थोपी गयीं, जिसने समाज में स्त्रियों के प्रति एक बहुत ही संकुचित सोच का निर्माण किया। इस सोच से स्वतंत्रता की लड़ाई अब तक जारी है।

मगर जब 2024 के लोकसभा चुनाव और बाद में हरियाणा, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा महाराष्ट्र विधानसभाओं के चुनाव हुए तो किसी भी राजनीतिक दल ने महिलाओं को एक तिहाई टिकटें देने का साहस नहीं दिखाया। यानी महिलाओं के अधिकारों के नाम पर कुल जमा सारी बयानबाजी राजनीति करने तक सीमित है।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समाज सुधारक राजा राममोहन राय ने महिलाओं के खिलाफ सती प्रथा जैसी कुरीतियों को बंद कराया। महिला अधिकारों को आज सबसे जागरूक समझे जाने वाले केरल राज्य में 18वीं-19वीं सदी में दलित स्त्रियों से बेहद बुरा बर्ताव हो रहा था। उन्हें वक्ष ढंकने की इजाजत नहीं थी। पढ़ना-लिखना मना था। उनका सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश वर्जित था और यहां तक कि उन्हें बाजारों में भी नहीं घुसने दिया जाता था। ऐसे में तिरुवनंतपुरम के पास एक गांव वेगनूर में पुलाया नामक दलित समुदाय में जन्मे अय्यनकली ने दलित महिलाओं को अधिकार दिलाने और लड़कियों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आंदोलन किया। ऐसी ही समाज सुधारक और पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले ने स्त्रियों के अधिकारों, अशिक्षा, छुआछूत, बाल विवाह और विधवा को विवाह के अधिकार के लिए आवाज उठायी और अंधविश्वासों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिल कर लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले।

आजादी के बाद भी स्त्रियों को अधिकारों के लिए लगातार लड़ना पड़ा। सरकारी नौकरियों तथा जन प्रतिनिधित्व अधिकार के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गयी, तब जाकर वर्ष 2023 में संविधान में 106वां संशोधन किया गया।

महिला आरक्षण अधिनियम नारीशक्ति वंदन पारित किया गया। इसके तहत लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की गयी हैं, मगर इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं किया जा सका। यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन 4 साल से लंबित पड़े जनगणना का कार्य संपन्न होने के बाद ही उसके डाटा मिलने पर संभव होगा। यदि नये साल में जनगणना का काम शुरू हो जाता है तो संभव है कि इसके पूरे आंकड़े अगले साल तक मिल जायेंगे। ऐसे में वर्ष 2026 से पहले इसके लागू होने की संभावना नहीं बन रही है। इस कानून को पारित होने के बाद भी सत्तारूढ़ दल ने इसके 2026 तक प्रभावी हो जाने का अनुमान जताया था। हालांकि तब भी विपक्ष ने 2024 में इसे लागू न करने को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाये थे।

मगर जब 2024 के लोकसभा चुनाव और बाद में हरियाणा, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा महाराष्ट्र विधानसभाओं के चुनाव हुए तो किसी भी राजनीतिक दल ने महिलाओं को एक तिहाई टिकटें देने का साहस नहीं दिखाया। यानी महिलाओं के अधिकारों के नाम पर कुल जमा सारी बयानबाजी राजनीति करने तक सीमित है। अलबत्ता चुनावी राजनीति में महिलाओं ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनाव में 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक संख्या में मतदान किया। अगर समूचे भारत की बात करें तो 65.8 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जबकि पुरुषों की संख्या 65.7 फीसदी रही। राजनीति वह क्षेत्र है, जहां पुरुषों का वर्चस्व है।

अमेरिका जैसे विकसित देश में महिलाओं के राजनीतिक वर्चस्व को स्वीकार करने में हिचक है। वहां हाल ही में हुए चुनाव में सबने देखा कि चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का मजाक उनके महिला होने को लेकर लगातार उड़ाया। मतदान का डाटा भी बता रहा है कि वहां पुरुषों ने ट्रंप को ज्यादा वोट दिए। इसलिए सत्ता में बराबर की भागीदारी के लिए भारत में भी महिलाओं को अभी काफी लड़ाई लड़नी है। अभी तो सिर्फ एक तिहाई की बात हो रही है।

देश-विदेश की खबरें

यूपी के पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकी ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता

उत्तर प्रदेश। यूपी के पीलीभीत में पुलिस एनकाउंटर में तीन खालिस्तानी आतंकवादी मारे गये हैं। पंजाब और यूपी पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत यह ऑपरेशन किया है। तीनों आतंकी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के सदस्य बताये जा रहे हैं। उनके पास से दो एके 47 गन और दो ग्लॉक पिस्टल के अलावा भारी मात्रा में कारतूस मिले हैं। मारे गये आतंकियों की पहचान गुरविंदर सिंह, रवि और जसप्रीत के रूप में हुई है। तीनों पर कुछ समय पहले पंजाब के गुरदासपुर पुलिस चौकी पर हुए ग्रेनेड हमले में शामिल रहने का आरोप था।

सोमवार की सुबह-सुबह पीलीभीत से आयी एनकाउंटर की इस खबर को यूपी और पंजाब पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह एनकाउंटर पीलीभीत के पूरनपुर इलाके में हुआ है। पंजाब पुलिस की एक टीम तीनों आतंकियों की तलाश में यूपी आयी हुई थी। पंजाब पुलिस, यूपी पुलिस के साथ मिलकर तलाशी अभियान चला रही थी। पुलिस को तीनों आतंकियों के छिपे होने के बारे में जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए पुलिस आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद यूपी और पंजाब पुलिस की खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हो गयी जिसमें तीनों खालिस्तानी आतंकवादी मारे गये।

पुलिस की बड़ी कामयाबी : डीजीपी

इस बारे में एक टीवी चैनल से बातचीत में यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस ऑपरेशन की अगुवाई पीलीभीत के एसपी अविनाश पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस से यूपी पुलिस को खालिस्तानी आतंकवादियों के बारे में इनपुट मिले थे। ये तीनों पंजाब के गुरुदासपुर में पुलिस चौकी पर हुए हमले में शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह दो राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय से चलाये गये ज्वाइंट ऑपरेशन की बड़ी कामयाबी है।

डंपर ने फुटपाथ पर नौ लोगों को कुचला, दो बच्चों समेत तीन की मौत

पुणे (आजाद सिपाही)। पुणे में रविवार रात करीब 1 बजे एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गयी है और 6 लोग गंभीर रूप ये घायल हुए हैं। मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से एक की उम्र 1 साल और एक की उम्र 2 साल है। एक्सीडेंट वाघोली के केसनंद फाटा इलाके में हुआ। डंपर चलाने वाला ड्राइवर नशे में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि फुटपाथ पर करीब 12 मजदूर सो रहे थे। चश्मदीदों ने बताया कि डंपर तेज रफ्तार में था। वह सो रहे लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इसके बाद घायल मजदूर चिल्लाने लगे। हमने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि 22 साल के विशाल विनोद की मौत हो गयी। वहीं, सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बांग्लादेश ने भारत से पूर्व पीएम शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की

पूर्व पीएम के खिलाफ अपहरण-देशद्रोह समेत 225 केस

तख्तापलट के बाद भारत में पनाह ली

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश ने सोमवार को भारत से शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने इसकी पुष्टि की है।

हुसैन ने कहा : 'हमने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार को एक राजनयिक चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश सरकार कानून का सामना करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री को वापस चाहती है।'

इससे पहले गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ले ली थी। वे तब से यही पर हैं।

शेख हसीना की भारत से वापसी को लेकर सवाल पूछे जाने पर जहांगीर ने कहा कि भारत-बांग्लादेश के बीच अपराधियों की अदला-बदली को लेकर समझौता है। यह उसी समझौते के तहत किया जायेगा। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किये हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण समझौता क्या है?

साल 2023 में भारत के नॉर्थ-ईस्ट उग्रवादी समूह के लोग बांग्लादेश में छिपे रहे थे। सरकार उन्हें बांग्लादेश में पनाह लेने से रोकना चाहती थी। इसी वक्त बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के लोग भारत में आकर छिप रहे थे। दोनों देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए एक प्रत्यर्पण समझौता किया। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे के यहां पनाह ले रहे भगोड़ों को लौटाने की मांग कर सकते हैं।

ट्रंप ने श्रीराम कृष्णन को बनाया एआइ पॉलिसी एडवाइजर

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को भारतीय मूल के बिजनेसमैन और वेंचर कैपिटलिस्ट श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर व्हाइट हाउस का सीनियर पॉलिसी एडवाइजर नियुक्त किया है।

ट्रम्प ने इस नियुक्ति को लेकर एक्स पर लिखा

डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए श्रीराम कृष्णन अक में अमेरिका को आगे बढ़ाने पर फोकस करेंगे। इसके साथ ही वो साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रपति की एडवाइजरी काउंसिल के साथ काम करते हुए सरकार की अक पॉलिसी मेकिंग में मदद करेंगे।

कृष्णन ने इसे लेकर कहा

मैं अपने देश की सेवा करने और डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए अक में अमेरिका की लीडरशिप बनाये रखने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

ट्रंप ने पनामा नहर को छीनने की धमकी दी

चीन का प्रभाव बढ़ने का आरोप लगाया

पनामायी राष्ट्रपति ने फटकारा, बोले- स्वतंत्रता से समझौता नहीं

एजेंसी



वॉशिंगटन। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पनामा नहर को फिर से अमेरिकी कंट्रोल में लेने की धमकी दी है। ये नहर कैरेबियन देश पनामा का हिस्सा है। इस नहर पर 1999 तक अमेरिका का कंट्रोल था।

ट्रंप ने कहा कि इस नहर का इस्तेमाल करने के लिए पनामा, अमेरिका से अधिक शुल्क ले रहा है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि नहर पर चीन अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। अमेरिकी राज्य एरिजोना में समर्थकों की एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह नहर को गलत हाथों में नहीं जाने देंगे।

रैली के बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक अक जनरेटेड तस्वीर भी पोस्ट की। इस तस्वीर में पनामा नहर के बीच में अमेरिकी झंडा लगा हुआ दिख रहा है। तस्वीर के कैप्शन में ट्रम्प ने 'वेलकम टु द यूनाइटेड स्टेट्स कैनाल' लिखा था। इसका मतलब है संयुक्त राज्य की नहर पर आपका स्वागत है।

पनामा के राष्ट्रपति ने ट्रम्प को फटकार लगायी

ट्रम्प की धमकी पर पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी है। मुलिनो ने रविवार को एक रिकॉर्डेड संदेश में कहा कि पनामा की स्वतंत्रता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने ट्रंप के आरोपों को खारिज करते हुए नहर पर चीन के प्रभाव को इनकार किया।

मुलिनो ने कहा कि पनामा नहर के कैरेबियन और प्रशांत महासागर की तरफ खुलने वाले दो पोर्ट के गेट्स का मैनेजमेंट सीके हचिसन होल्डिंग्स की एक सहायक कंपनी करती है। यह कंपनी हांगकांग में स्थित है, इस पर चीन का कोई नियंत्रण नहीं है।

मुलिनो ने आगे कहा कि पनामा नहर और उसके आस-पास की एक-एक इंच जमीन पनामा की है और ये आगे भी पनामा की ही रहेगी। मुलिनो के इस बयान का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि हम इस बारे में आगे सोचेंगे।

पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आइएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूजा पर यूपीएससी परीक्षा में धोखाधड़ी और ओबीसी एवं विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है। यूपीएससी की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया था। पूजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगायी थी। जस्टिस चंदर धारी सिंह की बेंच ने 27 नवंबर को मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

इससे पहले दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि पूजा पर लगे आरोप गंभीर हैं। पूरी साजिश का खुलासा करने और इसमें अन्य लोगों के शामिल होने की पुष्टि के लिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत है।

भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मृतक छात्र के परिजनों से मिले

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा का प्रतिनिधी मंडल मेराल प्रखंड के पतहरिया पहुंच कर मृतक छात्र के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विगत दिनों संगवरिया गांव के पास मेराल स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर पतहरिया निवासी राम प्रवेश पाल के एकलौता पुत्र राजू पाल उम्र लगभग 14 वर्ष के घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पहुंचकर घटना का जानकारी लिए और राम प्रवेश पाल सहित उनके मां एवं परिजनों को ढांढस बंधाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि वैसे सभी प्राइवेट स्कूल जो अपना वाहन रखकर बच्चों को लाने ले जाने का काम करता है शिक्षा विभाग उसकी ठीक से निगरानी करे। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता हरेंद्र द्विवेदी, डॉ लाल मोहन, उत्तरी मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, धनंजय चौधरी, उपेंद्र गुप्ता, कृष्ण गुप्ता सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रशासन की सख्ती : दानरो की जद में आने वाली कई अस्थायी-स्थायी संरचनाएं ध्वस्त

नदी अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार रहेगा जारी : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। पूर्व निर्धारित योजना के तहत आज दानरो नदी पर हुये अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान शुरू किया गया। अभियान के पहले दिन टंडवा पुल और इसके आसपास से लेकर नदी के किनारे किनारे सहेजना की ओर जाने वाले नदी तट पर अवस्थित कई अस्थायी और स्थायी प्रकृति की संरचनाओं को तोड़ा गया।

अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर चलाये गये इस अभियान में अंचल अधिकारी गढ़वा सफी आलम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, पुलिस निरीक्षक ब्रज कुमार तथा सहायक अभियंता

जल पथ अंचल हरे नारायण सुबह से ही अभियान में दलबल के साथ लगे रहे। इस दौरान विधि व्यवस्था संधारण हेतु बड़ी संख्या में महिला और पुरुष जवानों भी तैनाती की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि नदी तटों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए गढ़वा के आम नागरिकों द्वारा समय-समय पर मांग उठायी जाती रही है। न्यायालयों के स्तर से भी जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। दानरो नदी के अतिक्रमण मुक्ति को लेकर अंचल अधिकारी गढ़वा की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस किये गये थे, कुछ लोगों ने स्वतः अपने स्तर से अतिक्रमण हटाने की पेशकश की थी किंतु जिन लोगों ने नहीं हटाये उनके अतिक्रमण को आज बलपूर्वक ध्वस्त कर दिया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। बता दें कि अभियान शुरू होने के कुछ ही पलों के बाद टंडवा पुल को जाम करने की असफल कोशिश की गयी, जिस पर एसडीओ ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर ऐसा करने से मना करते हुए उन सभी को अपने कार्यालय बुलाया तथा अपने कार्यालय में उनका पक्ष सुनते हुए आवश्यक मानवीय पहल करने का भरोसा दिलाया।

झामुमो ने अमित शाह का किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर राज्यसभा सभा में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी व अपमान के विरुद्ध झारखंड मुक्ति मोर्चा अनुमंडल इकाई रंका के तत्वावधान में सोमवार को रंका बाजार पुल पर पुतला दहन किया गया और अमित शाह मुदार्बाद, बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, गृहमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाये। इस अवसर पर गढ़वा बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर राज्यसभा सांसद सह गृहमंत्री अमित शाह ने अपमान किया है जिससे पूरे देश के लोगों में आक्रोश व्याप्त है, इसलिए झामुमो सहित इंडिया महागठबंधन के लोग अमित शाह का पुतला दहन कर रहे हैं। अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान देकर नरक से उबारने का काम किया है और हम सब उनका ऋणी हैं। हम अंबेडकर का अपमान नहीं बर्दाश्त कर सकते। प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान पूरे भारत ही नहीं विश्व का अपमान है। उन्होंने कहा कि अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। वरिष्ठ झामुमो नेता संजय गौतम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर दलित शोषित समाज का भगवान से बढ़कर हैं जिन्होंने संविधान के द्वारा हक अधिकार देकर जीवन को मानवता रूपी स्वर्ग जीते जी बना दिया है। उनका अपमान करने वाले को नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर गढ़वा बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, वरिष्ठ नेता संजय गौतम, बीडीसी शंकर राम, रौशन पाठक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

'लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध' जागरूकता अभियान चलाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के एनएसएस इकाई के तत्वाधान में परिसर से फराठिया ग्राम तक 'लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध' जागरूकता अभियान तथा ग्राम वासियों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षुओ द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विषय में प्रशिक्षुओं को विस्तार से बताया गया, तत्पश्चात अभियान को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया, जिसमें नारा था-'नहीं है स्त्री किसी से कम, हर काम में है वह सक्षम आदि नारा का उदघोष करते हुए प्रशिक्षु फरठिया ग्राम तक गये तथा नारी शिक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओ में संदीप, शाहिद, पवन, प्रियंका, रौनक, अमीषा, श्वेता, मौसम, अर्चना, मधु, उजाला, मिथिलेश, शुभम आदि प्रतिभागी बने। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, आनंद चौबे आदि उपस्थित रहे।

प्राकृतिक स्थलों पर पिकनिक को लेकर एसडीओ ने जारी की एडवाइजरी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। क्रिसमस तथा अंग्रेजी नव वर्ष आगमन के उपलक्ष्य में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पिकनिक मनाने हेतु भारी भीड़ आने की संभावना रहती है। इस संदर्भ में उक्त पिकनिक स्थलों पर विधि व्यवस्था संधारण और सतत निगरानी रखने हेतु अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को एसडीओ संजय कुमार की ओर से एडवाइजरी सह दिशानिर्देश जारी किए जा रहे हैं। एसडीओ ने कहा कि दिसंबर के अंत में और जनवरी माह में गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के पनघटवा डैम, अन्नराज नवाडीह डैम, यूरिया नदी, सतबहिनी मंदिर /झरना, कोयल नदी, बंडा पहाड़, गुरदी पहाड़ आदि स्थलों पर लोग अपने परिजनों या मित्र मंडली के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं। ऐसे में स्थानीय पदाधिकारी अपने स्तर से निगरानी रखेंगे, साथ ही यदि उन्हें स्थानीय परिस्थितियों अनुरूप आवश्यकता प्रतीत हो तो वे दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति हेतु भी प्रतिवेदित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्राकृतिक पिकनिक स्थलों पर 5:00 बजे शाम के बाद रुकने की अनुमति नहीं होगी।

15 हजार नकद और जेवर समेत अन्य सामानों की चोरी

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांडी- केतार मुख्य रोड पर मझिगावां पंचायत के सवंडीह टोले पर महेंद्र यादव के घर पर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गये। घटना रविवार रात्रि की है। इधर पुलिस सूचना मिलते हैं घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किये। प्रीत उषा देवी ने बताया कि चोरों ने पचास हजार के जेवर, बर्तन व 15000 रुपये नगद चोरी कर लिए। विदित हो कि बीते तीन माह पूर्व भी मझिगावां पंचायत में एक ही रात में लगातार चार दुकानों है व एक घर मैं चोरी हुई थी, जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया तीन माह में यह चोरी की दूसरी घटना घटी है। इस विषय में ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी ने कहा की पीड़िता से आवेदन मिला है, पुलिस जांच कर रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लेगी।

डॉ पातंजली ने अगलगी की घटना में क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का दिया आश्वासन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के वार्ड नंबर सात अंतर्गत मिस्कार मुहल्ला स्थित विनोद बघेल के घर में अगलगी की घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी उनके घर पहुंचे। गृहस्वामी और परिजनों से क्षतिपूर्ति की जानकारी लेने के बाद उन्होंने आपदा राहत कोष से मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि रात्रि में अगलगी की घटना में विनोद बघेल को काफी नुकसान हुआ है। संकट की इस घड़ी में स्वयंसेवी संस्था और समाजसेवियों को मदद के लिए आगे आना चाहिए। जिससे जितना भी संभव हो सके आर्थिक मदद करें। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मिलकर सहायता राशि दिलाने की बात कही। परिवार के लोगों से मिलकर कुशलक्षेम पूछा और ढांढ़स बंधाया। मौके पर शिक्षक अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इश्तियाक रजा, शुभम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कॉफी विद एसडीएम : इस सप्ताह स्थानीय व्यवसायी होंगे कार्यक्रम के मेहमान

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रशासन-नागरिक संवाद की दिशा में प्रयास के रूप में आरंभ किये गये एक घंटे के विशेष कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह आमंत्रित समूह के रूप में स्थानीय व्यवसायी भाग लेंगे। बुधवार पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच प्रस्तावित उक्त कार्यक्रम में सदर अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे इच्छुक व्यवसायियों को खुले रूप से आमंत्रित किया गया है, जो व्यवसायी वर्ग से जुड़े किसी सामूहिक विषय या अपनी किसी निजी समस्या को अनुमंडल प्रशासन के सामने रखना चाहते हों। आगामी बुधवार को आयोजित होने जा रहे इस विशेष कार्यक्रम में एसडीओ संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के जागरूक व्यवसायियों से सहभागिता की अपेक्षा की है।

ग्रामीणों ने 15वें वित्त आयोग की राशि के दुरुपयोग का बीडीसी पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में पंचायत समिति के15वें वित्त की राशि का धड़ल्ले दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। ऐसा ही मामला सोनेहारा पंचायत समिति सदस्य तारा देवी के द्वारा अपने ही खेत में चबूतरा निर्माण कर 15वें वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल चबूतरा का योजना बोर्ड में 15वें वित्त आयोग पंचायत समिति ग्राम बौलिया पंचायत सोनेहारा प्रखंड डंडई में मंदिश के घर के पास चबूतरा निर्माण योजना वर्ष 2023-2024 प्रकलित राशि 40000 रुपये अंकित है, जबकी चबूतरा निर्माण

पक्ष : मामले में 15वें वित्त के कनीय अभियंता जितेंद्र गंजु ने कहा कि योजना स्थल का जांच पड़ताल कराया जायेगा।

स्थल के पास कोई भी घर नहीं है। जिससे जाहिर होता है कि चयन स्थल पर चबूतरा का निर्माण नहीं करा कर दूसरे स्थान पर कराया गया है। वहीं बीडीसी के द्वारा चबूतरा के समीप स्वयं के नाम से पशु शेड निर्माण किया गया है। जिसका नाद और दीवार को तोड़कर 10 10 चबूतरा का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण सागर पासवान ने बताया कि चबूतरा निर्माण के समय हम लोग बोल रहे थे कि चबूतरा निर्माण टोला या बस्ती में कराया जाये। लेकिन बीडीसी के द्वारा अपने ही खेत में जहां एक भी घर नहीं है, वहां चबूतरा का निर्माण और चापाकल लगा कर पैसा निकाल लिया गया। जबकि वहां से कुछ दूरी पर स्थित ग्रामीण के घर के पास एक भी चापाकल नहीं है। हालांकि अगर सही से जांच किया जाये, तो 15वें वित्त की राशि में काफी गड़बड़ झाला उभर कर सामने आयेगी। मामले में बीडीसी प्रतिनिधि कृष्ण पासवान ने कुछ भी कहने से इंकार किया।

आरकेवीएस में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आरकेवीएस बीएड एवं डीएलएड कॉलेज में शीतकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम सह क्रिसमस पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों को अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।

उन्होंने डीएलएड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले गढ़वा जिले में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा क्रमशः खुशनुमा एकबाल और गरिमा कुमारी को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी और कहा कि यह पर्व प्रेम, शांति व आपसी भाईचारा का है। महाविद्यालय शिक्षा का दीप जला रहा है। कॉलेज में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी मिलता है। कॉलेज अपने अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक राजेंद्र चौबे, रितेश जयसवाल, आनंद मिश्रा, प्रवीण दूबे, सतीश तिवारी, रंजना दूबे उपस्थित थे।

आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किये गये वादों को पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा सोमवार को टाउनशिप गोलंबर के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने कहा कि भवनाथपुर और श्रीबंशीधर नगर के राजस्व ग्राम दहेड़िया तुलसीदामर के जमीन को हमारे पूर्वजों ने औने-पौने दामों पर देकर एशिया के सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट को लगवाने का काम किया किया। लेकिन आज सेल प्रबंधन के गलत नीति के कारण उक्त प्लांट वर्षो से विरान पड़ा है, साथ ही कुछ दिनों से ऑक्शन के माध्यम से उक्त प्लांट का कटिंग का काम किया जा रहा है, जो यहां के औद्योगिक विरासत को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। जिसे यहां के विस्थापित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

नियमविरुद्ध पुल निर्माण के लिए ब्लास्टिंग से घरों में पड़ी दरार

संवेदक ने पत्थर माइंस को बेच दिया, उपायुक्त से हुई शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

रमकंडा। रमकंडा प्रखंड के रकसी गांव स्थित हड़बड़िया नाला पर बन रहे पुल निर्माण में नियमों को दरकिनार कर रोज जिलेटिन बम से विस्फोट कर खुदाई का काम किया जा रहा है। इस तरह हो रहे ब्लास्टिंग से निर्माण स्थल के समीप आधा दर्जन घरों के दीवार सहित छतों में दरारें पड़ गई। वहीं उनके घरों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से बनाये जाने वाले इस पुल निर्माण की खुदाई में ब्लास्टिंग कर निकाले जा रहे पत्थरों को माइंस में बेचा जा रहा है। इससे खनन विभाग को राजस्व की क्षति भी रही है। इन मामलों को लेकर

ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत कर क्षतिग्रस्त घरों का मुआवजा के साथ ही ब्लास्टिंग रोकने की मांग की है। जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनके घरों में दरारें पड़ चुकी है। वहीं ब्लास्टिंग नहीं करने का विरोध करने पर संवेदक ग्रामीणों की बात नही सुन रहा है। ग्रामीण संजय यादव, उमेश यादव, देवेंद्र यादव सहित अन्य ने बताया कि ब्लास्टिंग के कारण उनके घरों में दरार पड़ने से उनका घर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया, जबकि रियाहशी इलाकों के समीप ब्लास्टिंग की अनुमति नही किये जाने का प्रावधान है। ग्रामीण बताते हैं कि नियमों की अनदेखी कर बगैर अनुमति के हो रहे इस ब्लास्टिंग को रोकने से ही पूरे टोले के घरों का अस्तित्व बचेगा। बताते हैं कि एक साथ 40 से 50 जिलेटिन बम के विस्फोट से पूरा टोला में भूकंप जैसी स्थिति बन जाती है। वहीं संवेदक व अधिकारियों की मिलीभगत से ही ब्लास्टिंग कर निकाले गये पत्थरों को अवैध रूप से माइंस में बेचा जा रहा है।

किसान खेती का कार्य छोड़ दूसरे राज्यों में मजदूरी करने पर विवश

समस्या का नहीं हुआ समाधान तो हो जायेगी कृषि कार्य बंद

झुंड के झुंड खेतों में विचरण कर रहे इन जंगली जानवरों से किसानों के सामने बचाव का कोई उपाय नजर नहीं आ रहे हैं

अरुण कुमार चौबे

कांडी (आजाद सिपाही)। इन दिनों प्रखंड के दर्जनों गांवों के किसानों की रातों की नींद हराम हो गयी है, वजह है क्षेत्र में नीलगायों का आतंक। फसलों के दुश्मन नीलगायों ने अब पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर मैदानी इलाकों का रुख कर लिया है, अधिकांश इलाकों में फसलों को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहा है, इनका आतंक इतना बढ़ गया है की कई भागों में तो किसानों का कमर तोड़कर रख दिया है। फसलों को चरने के अलावां उसे नीलगाय अपने पैरों से रौंद कर तहस - नहस कर दे रहे हैं, झुंड के झुंड

युवा किसान नवनीत चौबे कहते हैं की एक और किसी तरह सिंचाई कर फसल को बचा रहे हैं तो दूसरी ओर नीलगाय फसल बर्बाद कर दे रहे हैं।

किसान उमाकांत चौबे कहते हैं की जानकारी देने के बावजूद विभागीय अधिकारी मौन हैं।

अरुण दुबे कहते हैं की सोलह बिगहे में गेहूं की बुआई किये हैं जो पूरी रात जागकर रखवाली कर रहे हैं।

किसान अनुज सिंह कहते हैं कि यही हाल रही तो हम सब किसान खेती करना छोड़ देंगे।

खेतों में विचरण कर रहे इन जंगली जानवरों से किसानों के सामने बचाव का कोई उपाय नजर नहीं आ रहे हैं। फसलों की बर्बादी देख किस बेचैन हो उठे हैं। प्रखंड क्षेत्र के सोलह पंचायतों के किसानों के मेहनत मिट्टी में मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि दो - तीन वर्ष पूर्व नीलगाय कभी - कभार जंगलों से भटककर चले आते थे, लेकिन इन दिनों झुंड के झुंड खेतों में विचरण कर रहे हैं, इनका आतंक इतना बढ़ गया है कि गेहूं, सरसों, मटर, चना, मसूर, आलू तथा कई गांवों में सब्जी के फसल चरने से ज्यादा उसे पैरों से रौंद कर बर्बाद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो लोग खेती से विमुख होने लगेंगे हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र के चौबे मझिगावां, डगर, हरिहरपुर, रपुरा, बत्तो, दारीदह, डूमरसोता, बहेरवा, नैनाबार, बलियारी, चोका, राणाडीह, सुंडीपुर सहित दर्जनों गांवों के कई किसान खेती का कार्य छोड़ दूसरे राज्यों में मजदूरी करने चले गये ताकि परिवार का भरण पोषण कर सकें।

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

रामा साहू और जवाहर नवोदय विद्यालय क्वाटर फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन राम साहू उच्च विद्यालय में जीपीएस सेंट्रल स्कूल को 10 विकेट से, जवाहर नवोदय विद्यालय ने डीपीएस जूनियर को 35 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। पहले मैच में जेपीएस सेंट्रल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला को गेंदबाज एम कविराज ने गलत साबित करते हुए आठ रन देकर पांच विकेट लेते हुए जेपीएस सेंट्रल की टीम को 58 रन पर ही रोक दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामा साहू के सलामी बल्लेबाज यगीज के नाबाद 30 रनों की बदौलत बिना विकेट गवायें दस

विकेट से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 106 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी डीपीएस जूनियर की टीम 72 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामा साहू के एम कविराज और जवाहर नवोदय विद्यालय के आदर्श राज को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा, सचिव आनंद सिन्हा, पूर्व खिलाड़ी संदीप गुप्ता, शिक्षक अजित कुमार, राजू पाठक, रजनीश कुमार, राजू विस्वाश ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व खिलाड़ी सह प्रतियोगिता को उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होना है बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह प्रतियोगिता राज्य का सबसे बड़ा प्रतियोगिता है। उन्होंने कहा कि आपने जो लक्ष्य तय किया है उसे हासिल करें, इसके लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा। संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। राजू पाठक ने कहा कि खेल में हार जीत सिक्के के दो पहलू हैं। इसकी परवाह किये बगैर खिलाड़ी खेल मैदान में डटे रहना चाहिए। मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश, शहजाद खान, धीरज, रोहित प्रजापति, नितेश शामिल थे।

भारत ने विश्व को गणित के क्षेत्र में अनेक उपहार प्रदान की है : निदेशक

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10 + 2) स्कूल में दुनिया के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केसरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। निदेशक ने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहभागिता निभाता है। हमें गणित से डरना नहीं है बल्कि प्रत्येक दिन अभ्यास करना है। उन्होंने रामानुजन के जीवन पर उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे जिन्होंने महज 12 वर्ष की आयु में अपनी मौलिक शक्ति से कई गणित के सूत्रों की खोज की।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार,24 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

मेरा जीवन क्षेत्र की जनता के लिए है समर्पित : प्रकाश राम

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार के चंदवा प्रखंड में नवनिर्वाचित विधायक को जनता और कार्यकर्ताओं के द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने किया। वहीं मंच का संचालन आदर्श रवि राज ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ इस समारोह में आए नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश राम ने दीप प्रज्वलित एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधायक प्रकाश राम ने उपस्थित कार्यकर्ता और जनता से कहा कि आप लोगों ने मुझे लातेहार विधानसभा का तीसरी बार विधायक के रूप में चुना है मैं आपके बीच का एक बहुत ही साधारण घर से आने वाला व्यक्ति हूं, जो आपके बीच से ही आता हूं आपने जो मुझे तीसरी बार विधायक के रूप में चुना जो बहुत ही चिंतन और मनन करने की जरूरत है। क्योंकि आप सबों ने मुझे अपने प्रयास से विधायक के रूप में चुना और विपक्षी को बताया कि आपके लिए प्रकाश राम क्या और कैसे कर सकता है। क्योंकि इस वर्ष जो चुनाव की हालत थी। वह देखने को जो मिला वह बहुत चौंकाने वाली है। फिर भी आप सबों ने मुझे बहुत ही कम मतों से विजई बनाया। इसके लिए मैं पूरा जीवन आपके लिए समर्पित करता हूं और हमेशा करता रहूंगा। प्रकाश राम एक विधायक ही नहीं आप सबों का शुभचिंतक के साथ-साथ पारिवारिक सोच समझ और हर दुख सुख में रहने वाला व्यक्ति है जो मैं भी महसूस करता हूं कि कितने जबरदस्त लड़ाई होने के बावजूद आप सबों ने मुझे तीसरी बार विधायक बनाया। इस बार जो आप सबों ने किया है उसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं और मेरा जीवन आप सबों को उज्जवल बनाने के लिए जो भी मुझे करना पड़े मैं हर तरह से तैयार हूं और हमेशा रहूंगा। मुझे केवल सूचना मिलनी चाहिए क्योंकि मेरा जीवन ही आप सबों के बीच रहना है। वही इस कार्यक्रम में चंदवा के 17 पंचायत के लोगों ने अपनी क्षेत्र की समस्या रखी और विधायक को अवगत कराया। उसके बाद भी विधायक प्रकाश राम ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका। पुलिस ने कई दिनों से फरार चल रहे 27 आर्म्स एक्ट एवं सीएल एक्ट के नामजद लातेहार थाना कांड संख्या 303/20 दिनांक 20/12/20 धारा 147/148/149/353/120 बी भा0 द0बि027 प्राथमिक अभियुक्त रवि राम उर्फ मुकेश राम आजाद उर्फ कल्लू पिता ननकू राम पुरनी पल्हेया मनिका लातेहार के घर रविवार को इश्तहार चिपकाया है। सब इंस्पेक्टर राहुल सिन्हा, सब इंस्पेक्टर रमाकांत गुप्ता, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मिश्रा मांझी एवं सशस्त्र बल के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति एवं अभियुक्त के परिजनों के समक्ष इश्तिहार चिपकाए गया। पुलिस ने कहा कि अभियुक्त को लातेहार थाना या न्यायालय में आत्म समर्पण करने के लिए कहा अन्यथा न्यायालय के आदेश से शीघ्र ही कुर्की जप्ति की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि अभियुक्त को पता चलने पर तुरंत लातेहार या मनिका थाना को सूचित करें सूचना देने वाले का नाम और पता गोपनीय रखा जायेगा।

चिपकाया गया इश्तेहार

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार थाना कांड संख्या 151/24 दिनांक 02/09/24 धारा 376(1)/376(2)(ल्ल) भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक राम पिता स्व ज्वाहीर राम साकिन टिटैया टोला आसेहार थाना पांकी जिला पलामू के घर पर विधिवत इश्तिहार का तमिला सब इंस्पेक्टर रामाकांत गुप्ता, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रविंद्र महली असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामनाथ मंडल एवं सशस्त्र बल के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति एवं अभियुक्त के परिजनों के समक्ष किया गया। साथ ही अभियुक्त को लातेहार थाना या न्यायालय में आत्मसर्म्पण कराने के लिए कहा गया, अन्यथा न्यायालय के आदेश से शीघ्र ही कुर्की जप्ति की कार्रवाई की जायेगी।

बाइक अनियंत्रित होने से दो व्यक्ति घायल

सेन्हा(आजाद सिपाही) थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप घर जाने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे बाइक सवार दो व्यक्ति गिर गये। दोनों का चेहरा और हाथ मे हल्की चोटें लगी है। वही घायलों की पहचान कोराम्बे निवासी स्व.तेतरा उरांव का 55 वर्षीय पुत्र सुखदेव उरांव और 52 वर्षीय पुत्र फुलवा उरांव के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की दोनों भाई अरु बाजार से घरेलू सामान खरीद कर अपने बाइक से वापस जा रहे थे। उसी क्रम में कल्हेपाट चौक के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे दोनों भाई गिर गये।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड के कांग्रेस कार्यालय में दिन सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर मनिका प्रखंड के नवनियुक्त कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बने जाने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी नेता कामेश्वर प्रसाद यादव ने नए प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव को माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि चुनाव पूर्व पार्टी के कई लोग पार्टी विरोध में कार्य किये , लेकिन कांग्रेस पार्टी के वफादार कार्यकर्ता पार्टी के कार्य को प्रतिष्ठा बनाकर करने का कार्य किए हैं, जिसका फल मिला है। मनिका विधानसभा में विकट परिस्थिति में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य किए हैं। वही नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष यादव ने कहा कि पार्टी और स्थानीय विधायक मुझे जो जिमेवारी सोपे हैं उसे पर शत प्रतिशत खराब उतारने का कार्य करूंगा। मौके पर ,विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, संजय कुमार सिंह,रंजीत कुमार,सगीर अंसारी, सरवर अंसारी, कृष्ण यादव ,अरुण सिंह , पुनीता देवी, झारो देवी, जगजीवन राम, गुलाम हुसैन, तस्लीम अंसारी, मिथिलेश पासवान, अख्तर अंसारी, रामनंदन उरांव ,अंजू यादव , बालदेव पासवान,विशाल पासवान, गणेश यादव, ओम प्रकाश यादव ,सरयू यादव , नरेश राम,समेत कई लोग उपस्थित थे।

मंगरा शिविर में 296 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय में सोमवार को मंगरा एवं छेचा दो पंचायत सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की और शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, डॉ मुरारी ओझा, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव,मुखिया बिपिन बिहारी सिंह,समिति सदस्य सुनीता देवी,राज महेंद्र सिंह समेत उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों द्वारा करीब एक दर्जन स्टॉल लगाए गए थे।शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीमति मिंज ने सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत लगाए गए सभी शिविर की जानकारी देते हुई लोगो से राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया। सीओ ने मैया समान योजना,सर्वजन पेंशन योजना से वंचित लोगों को शिविर के माध्यम से आवेदन देने की बात कही। शिविर में कुल आवेदन 296 प्राप्त हुई जिसमें 225 आवेदन का निष्पादन शिविर में किया गया , जबकि 71आवेदन को जल्द निष्पादन के लिए अग्रसारित किया गया। स्वास्थ्य शिविर स्टॉल में 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज किया। वही जेएसएलपीएस स्टॉल में 10 सखी मंडल को 10 लाख रुपए का अनुदानित चेक प्रदान किया गया।

दो खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

सेन्हा(आजाद सिपाही) प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को 16 राज्य फेंसिंग तलवार बाजी प्रतियोगिता आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली रांची में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिका वर्ग के दो खिलाड़ियों को प्रखंड प्रशासन और जन प्रतिनिधि के द्वारा एक सादे समारोह आयोजन कर साल व बुके देकर दोनों बालिकाओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ संग्राम मुर्मु ने कहा कि सेन्हा प्रखंड के कल्हेपाट गांव के चंपिका कुमारी एवं कल्पना उरांव का नाम राष्ट्रीय फेंसिंग तलवार बाजी प्रतियोगिता हेतु राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया गया है, जिसमे चंपिका कुमारी 35 वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग तलवार चैंपियनशिप के लिए चयनित हुई है।जो आगामी सप्ताह केरल में अपना प्रतिभा दिखाएगी ये खेल फ्रांस से शुरू हुआ था, जिसमें कोच मोती लाल उरांव का काफी योगदान है।

छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

सेन्हा। (आजाद सिपाही) प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा के प्रांगण में अध्य्यनरत छात्र छात्राओं के बीच सोमवार को साइकिल वितरण किया गया। कल्याण विभाग के सौजन्य से 54 स्कूली छात्र छात्राओं के बीच जिप सदस्य राधा तिर्की व प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा साइकिल वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान रख रही है। आज जो साइकिल का वितरण छात्र छात्राओं के बीच किया जा रहा है इसका उपयोग स्कूल आने जाने के लिए करें । समय के साथ स्कूल पहुंच शिक्षा ग्रहण करने पर ध्यान दें।

खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जलवा, तीन स्वर्ण सहित कुल 16 पदक पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू। उड़ीसा के झालसुगड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नेशनल कराटे फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय खुली कराटे प्रतियोगिता 2024 में जिला कराटे संघ लोहरदगा के खिलाड़ियों ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण सहित कुल 16 पदक जीतने में सफलता पाई है। गौर तलब है कि प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित के राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिला कराटे संघ लोहरदगा के 15 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इसमे कुडू की आकृति कुमारी ने काता में एक स्वर्ण एवं कुमितो में कांशय, रिया उरांव ने दो रजत एवं एक कांशय, शुशीला कुमारी और अनिशा उरांव को एक रजत एवं एक कांशय, निकिता कुजूर और रुखसाना खातून को एक - एक कांशय वहीं बालक वर्ग में अभिषेक मोची को एक रजत प्राप्त हुआ है, जबकि कैरो प्रखण्ड सोनाली कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। जबकि निंद्राणी उरांव ने कांशय और नारायण नायक ने रजत पदक हासिल किया और लोहरदगा की सरस्वती उरांव ने एक कांशय पदक हासिल किया। सेंसई अमित कुमार सिंह इनके कोच और टीम मैनेजर लक्ष्मी उराव को उनकी पूरी टीम को राष्ट्रीय स्तर पर रनर ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि उड़ीसा राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने सम्मनित किया और बधाई दी। वहीं नेशनल कराटे फेडरेसन के फाउंडर सुशांत गुप्ता ने सेंसई अमित कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित करते हुए झारखण्ड की टीम को शुभकामनाएं दीं।

कोल्हान की खबरें

झूठ और भ्रम फैलाने में माहिर है कांग्रेस पार्टी : विद्युत महतो

कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का किया अपमान,भाजपा ने दिया असली सम्मान :- अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के साकची स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में की जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो,भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा व सह मीडिया प्रभारी अखिल सिंह शामिल रहे। मौके पर भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो ने कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं पर जमकर हमला बोला।सांसद ने कहा कांग्रेस पार्टी का बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रति रवैया हमेशा दोहरा और अपमानजनक रहा। कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए करते है। सांसद महतो ने कांग्रेस पर उनके सिद्धांतों को कुचलने का आरोप लगाया। सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराने और हाशिये पर रखने के लिए कई षड्यंत्र रचे।कांग्रेस ने वर्ष1952 और 1954 के चुनावों में उन्हें हराने के लिए हर संभव प्रयास किया था। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने उन्हें कभी भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। जबकि उनके नेताओं ने स्वयं को भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। उन्होंने कहा भाजपा समर्थन वाली सरकार वर्ष 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न देकर उनके योगदान को उचित सम्मान दिया था।उन्होंने कहा देशभर में कांग्रेस के शासन काल में सिर्फ नेहरू,इंदिरा गांधी,राजीव गांधी और संजय गांधी के नाम पर लाखों स्मारक बने लेकिन बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यूपीए-2 शासन के दौरान 2012 में एनसीईआरटी की किताब में बाबा साहेब का अपमानजनक चित्र छापा गया। यह बाबा साहेब के सम्मान का घोर अपमान था, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस ने इसपर चुप्पी साध ली।श्री महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पाँच तीर्थ स्थलों का विकास किया। इसके अलावा, 2015 में प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर और महापरिनिर्वाण स्थल स्मारक का निर्माण भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियां हैं।उन्होंने कहा चुनावों में लगातार हार का सामना करने के बाद कांग्रेस बौखला गई है। वोट बैंक की राजनीति के लिए बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल कर जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही। कांग्रेस का घड़ियाली आंसू बहाना व फ्लॉप पोलिटिकल ड्रामा जनता के बीच पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कांग्रेस पार्टी पर लोगों को भ्रमित करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। श्री काले ने कहा राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह के सात मिनट के भाषण से कुछ सेकंड के वीडियो को निकालकर उन्हें बेवजह कठघरे में खड़ा कर रही है।उन्होंने आम जनता से गृहमंत्री के पूरे संबोधन को सुनने की अपील की। उन्होंने कहा भाजपा हमेशा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया और उनके विचारों पर चलकर उनके सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया। वे भाजपा के सभी कार्यकताओं के दिलों में बसे हैं। काले ने कहा कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। अपने राजनीतिक लाभ के लिए गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ माहौल बना रहे हैं।

बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का डहरे टुसु 5 को

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के आगामी 5 जनवरी को साकची आमबगान मैदान में भव्य डहरे टुसु का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर गालुडीह, घाटशीला, ढालभुमगढ़ चाकूलिया सहित अन्य जगह कर व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को जानकारी देते हुए मंच के प्रतिनिधि दीपक रंजीर ने बताया इस तरह के आयोजन समाज में सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने व एकता को प्रोत्साहित करने के लिए की जारही है। डहरे टुसु के लिए मंच द्वारा भव्य और व्यापक तैयारी की जा रही है। पूर्वी सिंहभूम जिले के गालुडीह, चाकूलिया, ढालभूमगढ़ और चाकूलिया से व्यापक सांस्कृतिक झांकी पहुंचने की तैयारी चल रही है। सांस्कृतिक नृत्य टीम द्वारा आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जायेगी, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी। लोगों को अपनी संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा उम्मीद है इस वर्ष का आयोजन पूर्व से और ज्यादा सफल होगा।

वरिष्ठ नागरिकों ने किया अपने प्रतिभा का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। घाटशिला महाविद्यालय परिसर में पूर्वी सिंहभूम जिला के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मणिमाला पाल चिर यौवन सम्मान 2024 आयोजित किया गया, जिसमें घाटशिला अनुमंडल के साथ जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां से 60 से ऊपर उम्र के सैकड़ों वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। मुख्य अपमंत्रित के रूप में झारखंड के पहले स्वस्थ मंत्री डॉ दिनेश सारंगी शामिल हुए। वहीं विशिष्ट आमंत्रित के रूप पद्म डॉ जानूम सिंह और रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और भूगोल के विख्यात प्राध्यापक बहरागोड़ा निवासी डॉ डीपीपी सतपथी शामिल हुए। उपस्थित मुख्य आमंत्रित और विशिष्ट आमंत्रितों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। सरिता मिश्रा ने स्वस्ति वाचन गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। आए हुए सभी आमंत्रितों को अभियान ने पौधा देकर स्वागत किया और सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम परिचिति और कार्यक्रम के उद्देश्य की प्रस्तुति प्रोफेसर मित्रेश्वर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 सुबोध कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार सिन्हा और प्रो इंदल पासवान ने किया वही आभार ज्ञापन साधु चरण पाल ने किया। अभियान के सदस्य साधुचरण पाल के जन्मदिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थि वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें पौधा देकर और मिठाई खिलाकर बधाई दिया। राजनगर से आए रवींद्रनाथ गोप ने अपने मिमिक्री और लोक गीत से समागम में समा बांध दिया। रवींद्रनाथ गोप को विशिष्ट प्रतिभागी के रूप में अंगवस्त्र, पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से आयोजन में चार चांद लगा दिया। महिला प्रतिभागी में 86 वर्षीय सिया देवी ने शिव भजन प्रस्तुत किया वहीं 30 महिला प्रतिभागियों ने अपनी गीत और कविता प्रस्तुत किए। घाटशिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अति महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अगले वर्ष से हम हर संभव मदद करेंगे।

काले ने बुजुर्गों के बीच कंबल सेवा करके आशीर्वाद लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर । हर-हर महादेव सेवा संघ की ओर से संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में मछुआ बस्ती, जेम्को और अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों के बीच में कंबल वितरण करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद की बदौलत सेवा का यह कार्य हम पिछले 24 वर्ष से करते आ रहे हैं आपका आशीर्वाद हमें ऊर्जा प्रदान करता है और यही हमारी ताकत है इसी प्रकार आप आशीर्वाद बनाए रखें ताकि हम निरंतर यह सेवा कार्य जारी रख सकें साथ ही उन्होंने कहा की हर एक सामाजिक, धार्मिक और सेवाभावी संस्थानों को मानव सेवा के उम्दा कार्यों में आगे आना चाहिए जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए मौजूदा समय में देखा जा रहा है कि लोग एक दूसरे का दिखावा करके फिजूलखर्ची करते हैं उसे बंद करना चाहिए और इन पैसों को लोक कल्याण में लगाना चाहिए। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में सूरज सिंह, पदमा देवी, सूरज रजक, रवि यादव, बिकी ठाकुर, टिंकू महतो, प्रदीप सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।

चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने महिला और बच्ची को पकड़ा

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना के समीप मोबाइल दुकान में मोबाइल बनवा रही पनवारी निवासी जिसपति देवी का झोला को ब्लेड से काटकर पर्स की चोरी करने के आरोप में एक महिला और एक बच्ची को ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच। ग्रामीणों के सहयोग से उक्त आरोपी महिला और बच्ची को घाघरा थाना लाया। घटना के संबंध में जीसपति देवी ने बताया कि वह घाघरा थाना के समीप एक मोबाइल दुकान में अपने मोबाइल को बनवा रही थी। इसी क्रम में एक महिला और एक छोटी बच्ची उसके साथ पीछे आकर खड़ी हुई जिसके बाद ब्लेड के माध्यम से उसके झोला को काटा और पर्स निकाल रही थी इसी क्रम में उसे पता चल गया। इस क्रम में उक्त महिला का हाथ पकड़ा। हल्ला करने पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी। हालांकि आरोपी महिला के पास से उक्त ब्लेड को पुलिस द्वारा जब्त की गयी है।

चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के साथ की बैठक

गुमला प्रशासन को संवेदक के भुगतान को रोकने और काली सूची में डालने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/ गुमला। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री ने आनेवाले समय के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया। चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासियों, दलितो और पिछड़ों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ टीम वर्क में

काम करते हुए हम उस लक्ष्य को हासिल करें, जो हमें सुकून दे सके।

योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र लाभुक तक पहुंचाएं

बैठक में चमरा लिंडा ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। मंत्री ने कहा कि एसटी, एससी के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति का गंभीरता पूर्वक आकलन कर सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभुकों को मिले, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जाये। चमरा लिंडा ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु कटिबद्ध है।

लापरवाही बरतने वाले संवेदक का भुगतान रोकें तथा काली सूची में डालें

चमरा लिंडा ने विगत दिनों गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा निष्पादित निविदा के तय मानकों के अनुरूप राशन एवं बैग-जूता आदि की आपूर्ति को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाये जाने पर दोषी संवेदकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भुगतान पर रोक और संवेदक को काली सूची में डालने का निदेश गुमला जिला प्रशासन को दिया है। साथ ही विभागीय मंत्री ने बताया कि गुमला जिला के कई विद्यालयों में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं था, दूध और फल की आपूर्ति नहीं हो रही है। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने तत्काल जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच करने और स्पष्टीकरण तीन दिनों के भीतर समर्पित करने का निदेश दिया ।

चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप हो रहा है। माननीय मंत्री ने कहा कि आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें।

चिल्ड्रेन एकेडमी में क्रिसमस गैदरिंग सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। चिल्ड्रेन एकेडमी 10+2 स्कूल रन्हे घाघरा में क्रिसमस गैदरिंग सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी शिक्षकों द्वारा मोमबत्ती जलाकर किया गया। इसके बाद मौजूद विद्यार्थियों के समक्ष शिक्षिका रीना मिंज ने बाइबल से यीशु के जन्म से संबंधित वचन पढ़ा। शिक्षक अजीत लकड़ा ने यीशु खरिस्ट के जन्म से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शिक्षिका सोसन गुलाब सुरीन ने मौजूद लोगों को बताया कि 24 दिसंबर कि रात 12 बजे कड़ाके की ठंड में यीशु खीस्त का जन्म हुआ। इसे देखते हुए रोमी साम्राज्य ने 25 दिसंबर कि तारीख को क्रिसमस के रूप में मनाने का निश्चय किया। वहीं मौजूद विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने भी क्रिसमस के विषय में संदेश दिया। इधर विद्यालय के शिक्षक और बच्चों ने एकल गान, सामूहिक गान, नृत्य सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चे काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। इस मौके पर बच्चों के बीच विद्यालय प्रबंधन ने केक एवं ट्रॉफी वितरण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय के निदेशक विजय साहू, मीना देवी, तारामणि देवी, पूजा प्रिया, प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, विभा लकड़ा, निधि, शिवानी, रीना, दिव्यानी, निशि, बबीता, अंजू, रेशमा, ममता, दुर्गावती, मनोज साहू, अनीता, आरती सहित शिक्षक व बच्चों उपस्थित थे।

13 वर्षीय छात्र स्कूल पहुंचने से पहले लापता, रिपोर्ट दर्ज

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के जिलिंगा टांगर टोली निवासी 13 वर्षीय छात्र ऋतिक मिंज विगत 3 दिसंबर से लापता है। परिजनों को उसके लापता होने का जानकारी तब हुआ जब वे 19 दिसंबर को फीस जमा करने संत मारिया हाई स्कूल करौंदा बेड़ा पहुंचे। जहां प्रिंसिपल ने बताया की छात्र 30 नवंबर से विद्यालय ही नहीं आया है। इसके बाद परिजन हतप्रभ हो गये। इसके बाद परिजन अपने स्तर से पुत्र की काफी खोजबीन किया फिर भी उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद सोमवार की अपराह्न 4:00 बजे गुमला थाना पहुंचकर बेटे के गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पिता विजय मिंज ने बताया मेरा बड़ा भाई डेविड मिंज 30 नवंबर को बिहार से छुट्टी लेकर घर आया था। 3 दिसंबर को ऋतिक मिंज को करौंदा बेड़ा स्कूल भेजने के लिए शहर के टॉवर चौक के पास एक बस में बैठा दिया। छात्र कई बार बस से अकेले आना जाना करता था इसलिए हम लोग बेफिक्र रहते थे। इस बीच धान की कटायी चल रही थी इसलिए स्कूल जाकर पता नहीं कर पाया। लेकिन 19 दिसंबर को जब स्कूल फीस जमा करने गया तो पता चला कि वह 30 नवंबर से स्कूल ही नहीं आया है। गुमला थाना का आवेदन देते हुए पिता ने पुत्र को खोजने की गुहार लगायी है।

दरिंदगी की शिकायत मिलने के बाद आरोपी को पकड़कर थाना से ही छोड़ा दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। गुमला जिले के पालकोट की अनाथ नाबालिग बच्ची अपने साथ हुई दरिंदगी की शिकायत करने घाघरा थाना पहुंची थी, तो उसे फटकार कर भगा दिया गया था। जिस वक्त वह थाना पहुंची थी घाघरा थाना में थाना प्रभारी अभियान में निकले हुए थे। लेकिन स्वागत कक्ष में ऑडी ऑफिसर के रूप में कृष्णा कुमार ड्यूटी में थे। कृष्णा कुमार के द्वारा नाबालिक बच्ची से दरिंदगी करने के आरोपी को थाना में बुलाया गया और बाद में थाना से छोड़ दिया गया था। पुलिस के द्वारा आरोपी को छोड़ने के बाद नाबालिक पीड़िता के साथ-साथ पूरा परिवार आहत हो गया। पुलिस की इस कृत्य को पीड़िता हुआ उसके परिजनों के द्वारा गुमला के पुलिस अधीक्षक से मिल कर शिकायत किया। जिसमें पीड़िता और उसके परिजनों ने कहा था कि थाना में उन्हें सहयोग नहीं किया गया बल्कि डांट

फटकार के मारपीट भी की गयी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप होते ही पालकोट थाना में मामला दर्ज होने के बाद घाघरा से आरोपी की गिरफ्तारी भी कर ली गयी।

पीड़िता के थाना आने के बाद सीसीटीवी कैमरे को किया गया था बंद

जांच के क्रम में सीसीटीवी कैमरा बंद होने की भी बात सामने आ रही है हालांकि खुलकर कोई भी अधिकारी नहीं बोल रहे हैं, लेकिन जांच में यह पता चला है कि पीड़िता के आने के कुछ देर बाद सीसीटीवी कैमरा जो थाने में लगी है उसे बंद कर दिया गया था। हालांकि पुलिस का कहना है कि ऑटोकट सिस्टम होने के कारण कैमरा बंद हो गया था। जांच के दरमियान पाया गया कि पीड़िता थाना में आते तो दिखी लेकिन जाने तक का फुटेज नहीं मिल पाया।

आरोपित को छोड़ने की बात को थाना प्रभारी ने स्वीकारा

इधर थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे खुद अभियान में थे स्वागत कक्ष में ऑडी ऑफिसर के रूप में कृष्णा कुमार थे। उन्हीं के साथ पीड़िता व परिजनों की बातचीत हुई थी थाना से आरोपी को बुलाकर छोड़ने की बात को उन्होंने स्वीकार किया है।

बंद घर से 1.70 नगद समेत सात लाख के जेवरात की चोरी

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर से सटे नीम टोली चंदाली स्थित एक बंद घर से बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों के नगद व जेवरात की चोरी कर ली। शनिवार को पूरा परिवार बेटी के घर सिसई के बर गांव मेहमान गया था। सोमवार की अपराह्न 4 बजे जब वापस लौटे और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि ग्रिल का ताला टूटा हुआ है। साथ ही दरवाजा का लॉक भी टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर दो कमरे का पूरा सामान बिखरा पड़ा था।वही घर के बक्सा में रखें 1 लाख 70 हजार रुपया नगद की चोरी हो गई। वहीं मिलान करने पर एक मांग टीका, एक मंगलसूत्र, दो कान का झुमका, चार चांदी का पायल, दो कान का झुमका, चार नाक का झुमका, एक जोड़ा सोने का चैन, दो अंगूठी सहित अन्य जेवरात की चोरी कर ली गयी। जेवरात की कुल कीमत करीब 7 लाख बतायी गयी है।

मिशन बदलाव ने आवेदन देकर बच्ची के वापसी की मांग की

डीसी गुमला ने लिया था संज्ञान लेकिन अब तक नहीं हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव सदस्य सोनामती कुमारी ने लगभग एक महीने पूर्व बताया था कि आरती कुमारी झारखंड की नाबालिग बेटी को फर्जी तरीके से बालिग बना कर प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा 45000 में नोएडा में बेच दिया गया है और वो लड़की बहुत मुश्किल हालात में है और घर वापस आना चाहती है। इस मामले को डीसी ने संज्ञान लिया और दिल्ली पुलिस ने मामले में करवाई करते हुए नोएडा पूर्वांचल रॉयल पार्क, सेक्टर 137, टावर 2 फ्लैट नंबर 11 से बच्ची को निकाला। बच्ची दिल्ली के अनाथालय में पड़ी हुई है और दिल्ली पुलिस लगभग 1 महीने से टाल मॅटोल कर वहीं रखा हुआ है। लड़की के

परिजन अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित है और वो गुमला वापस लाना चाहते है लेकिन अभी तक वहां से ही कागजी कार्रवाई पूर्ण नहीं होने से आरती वापस नही आ पायी है। इसी समस्याओं को ध्यान में देते हुए मिशन बदलाव टीम ने परिजनों के साथ बाल कल्याण समिती को आवेदन देकर वापसी का मांग किया। मिशन बदलाव के ज्योति वर्मा और ज्योति गलोयरिया कुजूर ने बताया कि परिजन अपनी बेटी के आने के इंतजार में है और बहुत चिंतित है।

स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने करायी जांच

बसिया (आजाद सिपाही)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित इएमआरएस परियोजना के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना से आये चिकित्सकों के दल द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में दो दिवसीय कैंप लगाकर छात्रों का चिकित्सकीय जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक दवाइयां दी गयी। इस चिकित्सा शिविर में 169 छात्रों और 14 शिक्षकों व कर्मचारियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा दवाइयां दी गयी। चिकित्सकों के दल में डॉ. अभिनव प्रसाद, डॉ. निर्भय कुमार तथा मोहन कुमार शामिल थे। वहीं तीसरे दिन हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शिविर लगाकर छात्रों, शिक्षकों कर्मचारियों तथा विद्यालय परिसर में काम कर रहे मजदूरों का चिकित्सकीय जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयाँ दी गयी। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में चालक समेत कुल 5 सदस्य थे जिन्होंने छात्रों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया। चिकित्सक डॉ यश उकानी के अतिरिक्त लैब तकनीशियन गुलाम सफी, फार्मासिस्ट चंदन कुमार, व एएनएम अणिमा रेखा थे। चिकित्सक डॉ यश उकानी ने कुल 77 छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार रक्त जांच करवाकर दवाइयां दी।

वकील के बाइक को अपराधियों ने जलाया

गुमला (आजाद सिपाही)। रविवार की मध्य रात्रि लगभग 1:30 बजे स्थानीय डीएसपी रोड बड़ाइक मोहल्ला निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता हीरा ओहदार के घर की दीवार को फांद कर उनके घर के गली में रखा यामाहा सलुटो मोटरसाइकिल नंबर जेएच 07 जे 4133 को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे बाइक पुरी तरह जलकर राख हो गया। उन्होंने बतलाया कि इससे पहले भी अपराधियों द्वारा दो बार बाइक से पेट्रोल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। हिसाब जाने की घटना में गली में रखा पानी का पाइप भी जलकर नष्ट हो गया। रात 1:30 बजे जलने की आवाज सुनकर सभी उठे तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। इस प्रकार आये दिन अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है उन्होंने बतलाया कि हम शहर के बीच मोहल्ले में रहकर अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं।

जैविक खेती को लेकर किसानों को मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उद्यान विभाग द्वारा जैविक खेती को लेकर जिले के डुमरी और जारी प्रखण्ड में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमे डुमरी से 95 किसान एवं जारी 93 किसान लाभांवित हुए। पांच दिवसीय चले इस प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन किया गया। जिसमें किसानो के बीच उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा उद्यान किट के स्वरुप कुदाल, खुरपि, हॅसिया, जुट बैग, नोट पैड, पेन, टोपी सहित कृषि संबंधित सामग्री देकर बेहतर पैदावार को लेकर जानकारी दिया गया। इसके लिए उन्हें खेती के क्षेत्र में आगे लाया जा रहा है। जिला उद्यान पदाधिकारी ने कहा कि उद्यान विभाग किसानों को जैविक खेती, फसल लगाने की विधि, आधुनिक खेती पद्धति, सूक्ष्म सिंचाई, फसल में लगे कीड़ों से छुटकारा सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला उघान पदाधिकारी डॉ तमन्ना प्रवीण,सीड एग्रोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के डॉक्टर फिरोज अहमद, उघान मित्र दीप चंद्र टोप्पो एवं निमियश केरकेट्टा एवं अन्य लाभुक मौजूद थे।

खंभिया में बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली के पास से अवैध चोरी का बालू लदा हुआ तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने पड़कर जप्त कर लिया। इसके बाद इसकी सूचना खनन विभाग को दी गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती की टीम उस इलाके में घूम रही थी। अचानक ही 3 ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे, जब हम लोगों ने देखा पास जाकर तो सभी ट्रैक्टर में बालू लदा हुआ था। हम लोगों ने ट्रैक्टर मालिक से चालान का मांग किया लेकिन किसी भी दस्तावेज की प्रस्तुति वाहन मालिकों के द्वारा नहीं किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर को थाना में जप्त करके खनन विभाग को इसकी सूचना दी गयी है। खनन विभाग के द्वारा तीनों ही वाहनों में प्राथमिक की दर्ज कराया जा रहा है। बालू पर कार्रवाई के बाद इलाके का ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

बीडीओ और थानेदार सहित प्रखंड कर्मियों ने किया 40 यूनिट रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। गुमला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर सोमवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सुलेमान मुंडरी, थानेदार राकेश कुमार सिंह कमांडेंट अभिषेक कुमार सुशांत सिंह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखंड कर्मी के अलावे स्थानीय रक्त वीरों ने 40 यूनिट रक्तदान किया। इससे पूर्व बीडीओ व सीओ शेखर वर्मा, थानेदार एवं चिकित्सा पदाधिकारी सोनाली डेजी मिंज ने शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। बीडीओ ने कहा कि जब भी आप रक्तदान करते हैं तब आप किसी की जान बचाते हैं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है।

और प्रखंड से लेकर जिला में खून की कमी को पूरा करना है। वर्तमान में हमारे प्रखंड में भी सिकल सेल एनीमिया के मरीज हैं जिन्हें प्रत्येक रक्त की आवश्यकता पड़ती है उन्होंने कहा कि आज भी रक्तदान को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। लोगों को लगता है कि खून देने से शारीरिक कमजोरी आयेगी और सेहत पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा, लेकिन ठीक इसके विपरीत रक्तदान से हमारा शरीर और सेहतमंद हो जाता है 60 वर्ष से कम उम्र के हर व्यक्ति को साल में काम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को प्रमाण पत्र दी जावेगी जिससे वे अगले 6 माह के अंदर किसी भी जरूरतमंदों को रक्त दिला सकेंगे। शिविर को सफल बनाने में रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सोनाली डेजी मिंज, गणेश राम महतो, राकेश रंजन कुमार, बालचंद उरांव पवन प्रकाश कुमार बीपीएम मुकेश मिश्रा एमपीडब्ल्यू सूरज कुमार एनएम इंदु देवी आदि लोगों ने सहयोग किया।

सांता पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग

मानव जाति के उद्धार के लिए प्रभु यीशु का जन्म हुआ है : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सोमवार को सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला, में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा यीशु मानव जाति के उद्धार के लिए इस जगत में आये है। हमें आपस में प्रेम और भाइचारे बना के रखना है। उन्होंने कहा यीशु के जीवन के आत्मसात करने की जरूरत है, की उन्होंने किस प्रकार कष्ट सहा, फिर भी सत्य और अहिंसा में बने रहे। जिस जगह आप रहिए सीखते रहिए, जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है।

आप इस स्कूल में अनुशासन सीख रहे हैं, मुझे बहुत खुशी हो रही है। श्री यादव ने क्रिसमस और नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा यह पर्व और नया साल गुमला वासियो के लिए खुशियली का साल होगा।

वही स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा क्रिसमस हमें भाईचारा की का संदेश देता है, आज हम सब धर्म के नाम पर बंटते हुए दिखाई देते हैं। वही यीशु ने संपूर्ण मानव जाति से प्रेम कर सिखाया कि हम सभी लोग एक हैं। नशा पान छोड़ने की जरूरत है अपने अंदर की बुराइयों को मार डालने की जरूरत है। स्कूल के प्रबंधन कमेटी के जयमंती एक्का ने कहा कि नशा पान छोड़ें, शिक्षा को अपने जीवन में लेकर आये। शिक्षा के बिना व्यक्ति एक पशु के समान होता है। उन्होंने बच्चों को कहाप्रभु यीशु बच्चों से बहुत प्यार करते हैं, इसलिए उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। वही मंच का सफल संचालन हिमा कुमारी ने किया। मौके पर स्कूल के टीचर नोर्बेर्ट बेक, अंकिता कुमारी वीणा देवी, सुनीता एक्का, रजनी सिन्हा, सीमा, अंजनी, मुस्कान कुमारी जसिंता बेक सहित स्कूल के स्टूडेंट्स पेरेंट्स उपस्थित रहे।

वही स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने बताया सत्र 2025-26 क्लास बेबी नर्सरी से लेकर क्लास नाइन तक फ्री एडमिशन जारी है।

पालकोट थाना प्रभारी और घाघरा के सब इंस्पेक्टर निलंबित

घाघरा (आजाद सिपाही)। दुष्कर्म के नाबालिक पीड़िता के साथ पुलिस के द्वारा मारपीट मामले में गुमला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पालकोट थाना प्रभारी मोहम्मद जहांगीर, घाघरा थाना के सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार एवं महिला आरक्षी दिना टोप्पो को निलंबित कर दिया गया है। बताते चले की पीड़िता के मामा के द्वारा थाना में शिकायत था इसके बाद पुलिस द्वारा पीड़िता को ही डंडे से मारपीट कर दिया गया था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गणित के जादूगर महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की 138वीं जयंती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर गणितीय सिद्धांत, सूत्र और गणितीय प्रदर्श से भरा दिखा। विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने गणित से जुड़ी किसी न किसी प्रदर्श या प्रतियोगिताओं से जुड़े दिखे। गणित विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार के गणितीय खेल का आयोजन हुआ। शिशु वर्ग के भैया बहनों द्वारा बनायी गयी गणित आधारित रंगोली काफी आकर्षक थी। गणित मेला में गणित के प्रयोगों से संबंधित कुल 113 प्रदर्श तथा

43 रंगोली भैया बहनों द्वारा प्रदर्शित किये गये। उसके अतिरिक्त अलग-अलग वर्गों में कुल 30 भैया बहनों ने भाषण प्रतियोगिता तथा 85 भैया बहन गणितीय चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल हुए। गणित प्रदर्श में शिशु वर्ग से प्रीतम महतो प्रथम बाल वर्ग से ज्योति कुमारी प्रथम किशोर वर्ग से मौसमी कुमारी प्रथम स्थान पर रही। गणितीय रंगोली में सहज मणि शर्मा प्रथम, गणित पहाड़ा प्रतियोगिता में अंशी कुमारी प्रथम, उल्टी गिनती प्रतियोगिता में चंद्रमणि प्रथम तथा भाषण प्रतियोगिता में रोहित राज प्रथम स्थान पर रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना सभा से हुई। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार, आचार्य अजीत कुमार झा तथा गणित के अचार्य अनुज कुमार ने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप जलाकर तथा पुष्पार्चन किया।

जिला पार्षद ने बैटिंग कर क्रिकेट मैच का किया औपचारिक शुभारंभ व पर्यावरणविद ने किया पौधा दान

युवा, खेल और कला संस्कृति पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र की धरोहर हैं: डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत चिरु सुपर किंग के तत्वावधान में चिरु फार्म खेल मैदान में पिछले 18 वर्षों से होते आ रहे क्रिकेट मैच का शुभारंभ रविवार को जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने टॉस के बाद बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। उक्त कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के अलावा

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते पर्यावरणविद डॉ कौशर, जिला पार्षद व अन्य।

युवा समाजसेवी प्रमोद यादव, अरुण साव, मनोज साह, डॉ दिलीप सिंह, डॉ बीके यादव, डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ मनीष कुमार, शंकर साह, बालेश्वर साव, नरेश सिंह, नरेश रजक, सचिन पांडेय आदि मौजूद थे। जिन्होंने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित किया। पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि युवा, कला व संस्कृति ये सभी वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र की धरोहर है। इसकी हिफाजत सबकी जिम्मेदारी है, क्योंकि विश्व के विकास की बुनियाद देश के युवा होते हैं। वहीं, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि गांव में खिलाड़ियों और प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उस ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को निकाल कर देश स्तर तक पहुंचने के लिए उचित प्लेटफार्म की व्यवस्था करने की। दूसरी ओर, उद्घाटन मैच में मसीहानी टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरईडीहके की टीम 14 ओवर 4 गेंद में महज 87 रन पर सिमट गइ। मैंन ऑफ दी मैच मसीहानी के कप्तान अमित कुमार को मिला। जिन्होंने तीन विकेट के साथ 10 रन का योगदान दिया था। अंपायर की भूमिका संतोष यादव एवं जयप्रकाश सिंह ने निभाई। वहीं स्कोर की गिनती अरुण सिंह और मंजीत कुमार ने किया। इस मौके पर चिरू सुपर किंग के अध्यक्ष महेंद्र रजक, सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन पासवान, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपसचिव, अनिल रजक, बसंत विश्वकर्मा, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, लाल बहादुर सिंह, मुनेश्वर सिंह, मोहन सिंह, सहदेव यादव, मनोज पासवान, नरेश रजक, सत्यनारायण सिंह, विजय पासवान व राजेश पासवान आदि शामिल थे।

तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री, कई कार्यक्रम में होंगें शामिल

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन तीन दिवसीय पलामू दौरे पर सोमवार की शाम मेदिनीनगर पहुंचें. इससे पहले दोपहर में रांची आये, जहां से पलामू जिला प्रशासन की ओर से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। बतातें चलें कि पलामू पहुंचे केंद्रीय मंत्री रात में परिसदन भवन में जिले के गणमान्य लोगों के साथ बैठक करेंगे। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ उनकी बैठक निर्धारित है। जिसमें आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत पलामू में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। वहीं टाउन हॉल में जिले के जनप्रतिनिधियों संग भी बैठक निर्धारित है। इसके बाद मंगलवार को ही मंत्री का हरिहरगंज दौरा प्रस्तावित है। वहीं, बुधवार को मंत्री का दूरदर्शन केंद्र व एमएमसीएच का भ्रमण कार्यक्रम है। केंद्रीय मंत्री 25 दिसंबर को मोहम्मदगंज के रेलवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी करेंगें।

ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में हुआ वार्षिक खेलकूद का आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड के प्रथम व द्वितीय सत्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने किया। उन्होंने खेलकूद को शारीरिक और मानसिक विकास का आधार बताया। कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में अनुशासन, सहनशीलता और टीम वर्क जैसे गुणों को विकसित करता है। इस दौरान 100 मीटर दौड़ में अमीषा प्रथम, पूजा द्वितीय और सोनाली ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, रिले रेस में अमीषा, स्वीटी, पुष्पा और अंकित की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलिंग रेस में श्वेता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि शिल्पी और अंजलि ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान सुनिश्चित किया। कबड्डी में 'मैरी कॉम' टीम जिसमें कल्याणी, अमीषा, आंचल, पुष्पा, प्रीति, अमीषा और चित्रा विजेता रही। बैडमिंटन डबल्स में अंजलि और नाज़िश की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज की। रस्साकशी प्रतियोगिता में 'पीटी उषा' टीम, जिसमें पल्लवी, शिल्पी, सुरभि, रूपिका, निकिता, सलमा, नेहा और अंजिता विजेता बनी। कैरम बोर्ड में कल्याणी और शतरंज में चित्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, जैवलिन थ्रो में अंजिता ने प्रथम और निकिता बेक ने द्वितीय स्थान पर रही। स्टैंडिंग ब्रॉड जंप में कंचन ने प्रथम, पुष्पा ने द्वितीय और नाज़िश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शटल रनिंग में रंजीत ने प्रथम, रीता ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान पर जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने कहा कि खेलकूद ना केवल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने एवं नेतृत्व कौशल को विकसित करने में भी सहायक है। खेलों से छात्रों में अनुशासन, संगठन और आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है, जो उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक है।

सीओ ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बनकट मोड़ से देवरी खुर्द मध्य विद्यालय तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण काम में तेजी लाने को लेकर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सीओ ने सड़क के किनारों को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। कहा कि सड़क को अतिक्रमण करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान जल्द स्वतः अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने पर जो भी खर्च आएगा वह अतिक्रमणकारियों से वसूल की जाएगी।

पूर्व वार्ड पार्षद ने किया पोशाक का वितरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने हुसैनाबाद के लंबी गली स्थित राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच पोशाक एवं गर्म वस्त्र का वितरण किया। कहा कि पोशाक में बच्चों के स्कूल आने से बेहतर वातावरण का निर्माण होने के साथ ही उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह प्रतिदिन पोशाक में ही स्कूल आएं। वहीं, शिक्षकों को कहा कि बच्चों को पोशाक में आने को प्रेरित करेंगे। मौके पर हेडमास्टर कमर जबीं, शिक्षक फरजान, मोहम्मद इरफान, अनवरी बीबी, संयोजिका उर्मिला देवी मौजूद थे।

भाजपा ने पंजरी कला में चलाया सदस्यता अभियान

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। संगठन महापर्व को लेकर भाजपा की ओर से विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत शक्ति केंद्र में सोमवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरूआत सदस्यता प्रभारी शिवबंश मिश्रा ने किया। इस दौरान दर्जनों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। शिवबंश मिश्रा ने सभी बूथ अध्यक्षों व कमेटियों को बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर से शुरू हुआ यह अभियान 14 जनवरी तक चलेगा। इस बीच 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन भी सभी बूथों पर मनाया जायेगा। मौके पर दयाल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, पप्पू सिंह, शिव कुमार चौधरी, रामचंद्र बैठा, रीता सिंह, किरण दुबे, सुदामा बैठा, मोहर साव, नारद मिश्र आदि थे।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री के आगमन को लेकर छतरपुर एसडीएम ने लिया सीएचसी का जायजा

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। सूचना एवं प्रसारण मंत्री लोकनाथन मुरुगन के आगमन को लेकर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टोवरी फार्म और कौआखोह में स्थित नाथा में कृषि फार्म हाउस का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दवा भंडार, आयुष्मान भारत, टीकाकरण केंद्र, एनसीडी क्लीनिक, फीमेल वार्ड, कोल्ड चैन, एक्सरे रूम और टीबी मरीजों सहित कई जानकारियां ली। साथ ही केंद्र प्रबंधक संजय कुमार सिंह को कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, डॉक्टर अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर से एसडीएम की मौजूदगी में प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एसडीएम ने प्रखंड क्षेत्र के मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों से चल रही विकास कार्य योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविर के विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों और निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। मौके पर प्रमुख कमला देवी, मुखिया नीतू कुमारी, काजल कुमारी, कमला देवी, संदीप यादव, अनिल कुमार सिंह, पंसस शैलेंद्र कुमार सिंह, सतेंद्र भुइंया, कुश्मा देवी, पंस मुन्ना पासवान आदि मौजूद थे।

योग गुरु बाबा रामदेव ने खोई विरासत को पुनर्जीवित किया है : अविनाश देव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू पतंजलि योग समित की ओर से योग सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय आर्य समाज मंदिर में किया। जिसमें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब प्राचीन भारत में मेडिकल साइंस नहीं था तब विशाल भारत में यही आयुर्वेद योग वैदिक शिक्षा प्राकृतिक चिकित्सा नागरिकों को निरोग करता था और जान बचाता था। चरक सुश्रुत धनवंतरी पतंजलि रिसर्चर स्कॉलर थे। प्राचीन भारत के खोई विरासत को आज बाबा रामदेव एक बार फिर अधिष्ठापित किए। इनके योग को दुनिया ने माना। यही वजह है कि आज हम 21 जून को योग दिवस मनाते हैं। वैदिक शिक्षा को पुनर्स्थापित करने के लिए आज भारत सरकार से बाबा रामदेव

अपना भारतीय शिक्षा बोर्ड का अनुज्ञप्ति लिए। बाबा रामदेव आज वह सभी कार्यों में लगे हैं जिससे हमारा देश भारत पुनः विश्वगुरु बने। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान से जुड़े एक-एक कार्यकर्ता मिशन मोड में लगे हैं। उन्होंने कहा कि अपने संत मरियम विद्यालय के बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार देने में रात दिन लगे हैं। यही बच्चे भारत के भविष्य हैं। यही कल भारत की तकदीर और तस्वीर बदलेंगे। बाबा रामदेव से आग्रह होगा कि नीलांबर पीतांबर की धरती, राजा मेदिनीराय के कर्मभूमि पर एक बार आयें। यहां स्वामी अग्निवेश, कैलाश सत्यार्थी, महाश्वेता देवी, जवाहरलाल नेहरू, भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेई से लेकर देश के अनगिनत नामचीन हस्ती अलग-अलग समय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।

स्कूली बच्चों के खाते में भेजे जा चुके हैं पैसे, अभिभावक ड्रेस खरीद लें: मुखिया

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड संसाधन केंद्र की बीपीएम शव्या कुमारी और धावाडीह की मुखिया रिंकी यादव ने सोमवार को सतबरवा के करमा गांव में राजकिय उत्क्रमीत मध्य विद्यालय के वर्ग 1 एवं 2 के 40 छात्र-छात्राओं के बीच सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से उपलब्ध निःशुल्क पोशाक का वितरण किया। मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि पोशाक से बच्चों में सीखने के प्रति लगाव पैदा होता है, जो स्कूली शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। एक बार जब वे इसे पहन लेते हैं, तो हर बच्चे के अंदर आत्मविश्वास बढ़ जाता है। पोशाक छात्रों को भविष्य की परिस्थितियों के लिए तैयार करती है और उनके प्रति समानता की भावना जागृत होती है। राज्य सरकार का यह सराहनीय पहल

है, जिस कारण कड़ाके की ठंढ में बच्चों को पोशाक के साथ स्वेटर भी दिया जा रहा है। गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर से ठंढ से राहत मिलेगी। उन्होंने सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उधर, बीपीएम शव्या कुमारी ने अभिभावकों को बताया कि 600 रुपए में प्रत्येक बच्चे को दो सेट पैंट-शर्ट, एक स्वेटर, जूता और मोजा देने का सरकारी प्रावधान है, जो प्रबंधन समिति की ओर से क्रय कर पोशाक का वितरण किया जाता है। बताया कि वर्ग 3 से 5 के बच्चो के बैंक खाते में 600 और वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बैंक खाते में 760 रुपये राशि पोशाक के लिए विभाग द्वारा भेजा गया है। अभिभावक खुद से बच्चों की पोशाक खरीद लें। इस मौके पर संकुल साधन सेवी सुधीर कुमार मिश्रा, प्रभारी प्रधानाध्यापक सलीमुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां, शिक्षक शाहिद रजा आदि मौजूद थे।

बीडीओ ने अनाथ बच्चों को उपलब्ध करवाया कंबल, जूता-चप्पल और पैसे

आजाद सिपाही संवाददाता

मनातू/पलामू। डुमरी पंचायत के ग्राम झांटी टोला गीतहर में माता-पिता के निधन के बाद अनाथ चार बच्चे के दाने-दाने को मोहताज होने की खबर प्रकाश में आने के बाद पलामू डीसी ने प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए सोमवार को मनातू बीडीओ अनुज बांडों को भेज कर प्रशासनिक सुविधा मुहैया कराई। जिसके तहत चारों बच्चों को कपड़ा, कंबल, जूता-चपल, राशन और पैसा दिया गया। बीडीओ ने पंचायत सेवक को

निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर परिवारिक लाभ दिलाने की व्यवस्था की जाए। कहा कि बच्ची का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने आस-पड़ोस, रिश्तेदार और लोगों को सचेत करते हुए कहा कि इन बच्चों पर नजर रखें। किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत उन्हें सूचित करें। उधर, अनाथ बच्चों के बीच सरकारी सुविधा मुहैया के बाद ग्रामीणों ने दिल से जिला प्रशासन और बीडीओ अनुज बांडों को धन्यवाद दिया। दूसरी ओर, बाल विकास परियोजना पर फोकस करते हुए बीडीओ अनुज बांडों ने चेताते हुए कहा कि सावित्री बाई फूले जैसी महत्वाकांक्षी योजना को नजर अंदाज करने वाले सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी सेविका कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला
(सामान्य न्यायालय)

वाद की प्रकृतिः–धारा– 163, भा0ना0सं0सं0 (पुराना धारा – 144, द0प्र0सं0 के स्थान पर) झारखण्ड सरकार –बनाम– ग्राम – मारासिल्ली, कुम्भरो, गाड़ाटोली एवं भरनो के ग्रामीण

आदेश

ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि लगभग 15 से 20 जंगली हाथियों का भरनो प्रखण्ड के ग्राम – कुम्भरो एवं भरनो के आस–पासं विचरण कर रहा है, जिसे देखने के लिए लोगों का भीड़ एकत्रित हो रहा है। उनके द्वारा संभावना व्यक्त किया गया कि लोगों के अनावश्यक भीड़ के कारण जंगली हाथी अप्रिय घटना कर सकते हैं।

उपरोक्त विवेचित तथ्यों की पृष्ठभूमि में लोक परिशाँति व विधि–व्यवस्था को कायम रखने हेतु मैं राजीव नीरज, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला अपने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित गतिविधियों पर भरनो थाना के ग्राम – विकास भारती, कस्तुरबा आश्रम, भरनो, मूड़कटी अम्बा, भढ़वा बगीचा, भरनो, मलगो मोड़, मारासिल्ली, कुम्भरो एवं गाड़ाटोली, जहाँ आम लोगों की भीड़ एकत्रित होने की संभावना है, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा – 163 में निहित प्रावधानों के तहत आज दिनांक – 23.12.2024 से 01.01.2025 को मध्याह्न 6.00 बजे तक के लिए निषेधाज्ञा लागू करता हूँ :–

1. उपरोक्त वर्णित ग्राम के समीप वैसे सभी स्थल, जहाँ जंगली हाथियों का झुंड उपस्थित हो, 05 (पाँच) या, उससे अधिक व्यक्तियों के किसी प्रकार से एकत्रित होने एवं आम रास्ता को किसी प्रकार के माँग को लेकर अवरूद्ध करने पर पूर्णतः निषेध (प्रतिबन्ध) होगा। यह निषेधाज्ञा कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त सरकारी कर्मियों, बाजार–हाट या, मेला में एकत्रित आम लोगों, मंदिर–मस्जिद, बिरजाघर में पूजा–अर्चना, शादी–विवाह के लिए आमंत्रित लोगों एवं शव यात्रा पर लागू नहीं होगा।
2. निषेधित क्षेत्र (Probhiated Area) में अनुज्ञप्त हथियारों को धारण करने पर निषेध लगाया जाता है एवं किसी प्रकार का घातक हथियार/अग्नेयास्त्र या, विस्फोटक पदार्थ लाने अथवा, ले जाने की पूर्णतः मनाही की जाती है। हथियार में (वृद्ध एवं अपंगों के टहलने की छड़ी, नेपालियों का 6'' की खुखरी व सिख समुदाय का कृपाण के साथ अपने कर्त्तव्य पर तैनात सुरक्षाकर्मी की लाठी या, अग्नेयास्त्र को छोड़कर) लाठी भी शामिल है। साथ ही, एक साथ 03 (तीन) से अधिक वाहनों (पुलिस/सरकारी वाहनों को छोड़कर) के परिचालन पर भी पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।
3. निषेधित क्षेत्र (Probhiated Area) में किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए पूर्वानुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

लेखापित एवं संशोधित

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
गुमला

PR.NO.342719 District(24-25):D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

आवेदन आमंत्रण सूचना

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 07रा(वि0), दिनांक–19.06.2024 द्वारा स्वच्छ अवस्था में मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदानित दर पर चार पहिया भार वाहक वैन तथा एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए उपकरण हेतु अनुदान उपलब्ध कराना है।

क0	योजना का नाम	कोटि	लाभुकों की संख्या	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	सरकारी अनुदान (रू0 में)	लाभुक अंशदान (रू0 में)	अभ्युक्ति
1	मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन	अनुसूचित जनजाति क्षेत्र(796)	1	6,00,000/–	60 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 3,60,000/– रू0 मात्र (दोनों में से जो कम हो)	40 प्रतिशत अथवा शेष राशि	
		अहर्त्ताः– 1. लाभुक द्वारा कम–से–कम 6.00 लाख रुपये का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो। 2. आवेदक/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो। 3. आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. आवेदक, मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। वाहन के निबंधन, बीमा आदि का व्यय लाभुक को स्वयं वहन करना हो गा। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जाएगा। 5. वैसे लाभुक जिन्हें चार पहिया भार वाहक वैन अनुदान पर दिया जायेगा उन्हें अन्य उपकरणों के क्रय पर कोई अनुदान देय नहीं होगा।					
2	एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा–उपकरण हेतु अनुदान	अनुसूचित जनजाति क्षेत्र(796)	1	–	अधिकमत मो0 1,00,000/– रू0	–	
		अहर्त्ताः– 1. आवेदक रंगीन मछली पालन/एक्वेरियम शॉप संचालन हेतु विशेष रुप से प्रशिक्षित हो। 2. मत्स्य प्रसार, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण योजना में रंगीन मछली पालन के प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 3. आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. दिव्यांग आवेदक जो (बिन्दु 2) में हों उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। 5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा।					

योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुको का Escrow Account जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी।

उपरोक्त अहर्त्ता रखने वाले आवेदकों से दिनांक 02.01.2025 को कार्यालय अवधि तक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

PR 342668 Fish(24-25).D

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

गिरिडीह में पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में धनबाद प्रेस क्लब का प्रदर्शन

धनबाद (आजाद सिपाही)। गिरिडीह के पत्रकार अमरनाथ सिन्हा पर सामाजिक तत्वों द्वारा विगत दिनों हुए हमले के प्रतिवाद में सोमवार को धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष, महासचिव, महाउपाध्यक्ष, सभी पांचों उपाध्यक्ष, सचिव सहित कार्यकारिणी सदस्यों-पत्रकारों ने विरोध जाहिर किया। इस दिन धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने रणधीर वर्मा चौक पर हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद पत्रकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा। धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शीघ्र पत्रकारों की सुरक्षा के हित में कानून बनाएं। कहा कि आज धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों सहित जिले के सभी पत्रकारों का असमाजित तत्वों के विरोध में जुटान हुआ है। अगर भविष्य में पत्रकारों पर हमले हुए तो विरोध प्रदर्शन और तेज होगा। वहीं, प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने गिरिडीह में हुए पत्रकार पर हमले की निंदा की। कहा कि पत्रकार समाज को आईना दिखाते हैं। पत्रकार पर अगर इस तरह हमले होते रहे तो पत्रकार चुप नहीं बैठेगा। पत्रकारों का धारदार कलम चलेगा तो गुंडों और माफिया को झारखंड से भागना पड़ेगा। इस दौरान कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने भी अपने संबोधन में पत्रकार पर हुए हमले की निंदा की और सरकार को पत्रकार सुरक्षा कनून लाकर इस तरह की घटनाओं पर जल्द से जल्द लगाम लगाने की मांग की। इस मौके पर उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, बलवंत प्रसाद, अमर प्रसाद, शरद पांडे, सुरेंद्र यादव, सचिव मोहन गोप, संजय चौरसिया, नवीन राय, राम मूर्ति पाठक, चंदन पाल, प्रसाद विक्की प्रसाद, रौशन सिन्हा, गोपाल प्रसाद, विपिन रजक, कन्हैया पांडे, शंभवी सिंह, शिल्पा सिंह, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान आदि शामिल थे।

बोकारो महिला समिति का वार्षिकोत्सव आयोजित

बोकारो (आजाद सिपाही)। महिला समिति का वार्षिक उत्सव मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी ने अतिथियों को शुभकामनाएं देते हुए समिति की ओर से समाज सेवा में किये गये कार्यों से अवगत कराया, जबकि कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव ने किया। संस्था की सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी ने विभिन्न कार्यों का विवरण दिया। इस दौरान महिला समिति की सदस्याओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं जिसमें नृत्य, गीत, स्किट आदि शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी द्वारा गायन की प्रस्तुति थी। मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने भाषण में संपूर्ण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए समिति द्वारा किए जा रहे नेक कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का समापन कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की अध्यक्षा अनिता तिवारी के नेतृत्व में उपाध्यक्षगण प्रीति शरण, मोनिका रंगानी, इति रथ, अल्का मनवटी, अंजू सिंह, देवजानी मिश्रा, सुदेशना सेनगुप्ता एवं समिति की कार्यकारिणी दल सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सोप इन चार्ज पुष्पा भारतीय, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, सह कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी, सुरभि प्रभारी अनीशा झा और विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत व आशा राज आदि की भूमिका सराहनीय रही।

व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आइआइटी-आइएसएम व जेपी अस्पताल ने की साझेदारी

धनबाद (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद (आइआइटी-आइएसएम) ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए मेंझीलाडीह, कोला कुसमा बलियापुर रोड स्थित जेपी अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के साथ एक समझौता (एमओए) किया है। जिसके तहत सेवाओं का दायरा पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल परीक्षाओं और चिकित्सा उपचारों सहित नैदानिक परीक्षणों तक फैला हुआ है। एमओए में कर्मचारियों को उपचार कवरेज, पूर्व कर्मचारियों और उनके आश्रितों को इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के रोगी उपचार तक पहुंच प्राप्त होगी। यह सहयोग अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी कर अपने समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने की आइआइटी (आईएसएम) की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेपी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर, एक प्रसिद्ध स्वास्थ्य सेवा संस्थान, गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करते हुए इस साझेदारी में अपनी विशेषज्ञता और उन्नत सुविधाएं लाता है। कहा गया कि हमें विश्वास है कि जेपी अस्पताल के साथ यह साझेदारी स्वास्थ्य सेवा वितरण में एक मानक स्थापित करेगी। यह सहयोग आइआइटी (आइएसएम) में एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने और भविष्य की साझेदारी के लिए एक मिसाल कायम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी समस्याएं

बोकारो (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी विजया जाधव ने सोमवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिनकी समस्याओं को क्रमवार सुना। साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जबकि मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। बतातें चलें कि जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, डीपीएलआर, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। इस मौके पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर आदि शालिनी खालखो उपस्थित थे।

गोमिया में आयोजित क्रिसमस कार्निवल में शामिल हुए पेयजल मंत्री

क्रिसमस आपसी प्रेम, सौहार्द व एकता का देता है संदेश : योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। प्रखंड स्थित गवर्मेंट कॉलोनी में सोमवार को क्रिसमस कार्निवल का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने सभी लोगों को क्रिसमस एवं नव वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं दी। कहा कि क्रिसमस का त्योहार उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत प्रतीक है। क्रिसमस ना केवल उत्सव और आनंद का पर्व है, बल्कि यह पर्व हमें आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश भी देता है। क्रिसमस का यह उत्सव सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। वहीं, सभी आयोजकों व प्रतिभागियों को भी बधाई दी।

क्रिसमस कार्निवल में शामिल राज्य के मंत्री योदेंग्र प्रसाद व अन्य गणमान्य लोग।

चोरी, लूट-छिनतई मामले का उद्भेदन, 5 गिरफ्तार

धनबाद (आजाद सिपाही)। सरायढेला थाना क्षेत्र में लूट, चोरी व छिनतई के घटनाओं में लिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस ने उसके पास से चार बाइक भी बरामद किया है। इसकी जानकारी पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने दी। वे सोमवार को सरायढेला थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चोरों के पास से विगत दिनों न्यू खुशबू अलंकार ज्वेलर्स नामक दुकान से चोरी की गयी भारी मात्रा में चांदी के आभूषण, प्लाई संसार फर्नीचर दुकान से चोरी हुए सामान, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर एवं हीरापुर व हाउसिंग कॉलोनी निवासी रोशन गुप्ता से लूटी गई बाइक सहित अन्य दो बाइक बरामद की गयी है। वहीं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का रॉड भी बरामद किया गया है। जबकि पकड़े गये आरोपित शेखर व राजीव पासवान ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले सरायढेला स्थित प्लाई संसार नामक दुकान से 1.20 लाख रुपये की चोरी की थी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर लोहारकुल्ही तालाब के पास फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। शेखर ने पुलिस को बताया कि दुकान से चोरी किये रुपयों को दोनों ने आधा-आधा बांट लिया है। राजीव ने उन पैसे से एक पलंग खरीदा और 20 हजार रुपये अपने भाई को दिया था। जबकि शेखर ने उस पैसे से एक मोबाइल फोन खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं, बरामद सामानों में चांदी का तीन लोटा, सिंदूर रखने की किया तीन पीस, 20 कसैली, एक जोड़ी पायल, चार मछली, सात चम्मच, छह रिंग, बाला आठ जोड़ा आदि शामिल है।

लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में पौष पार्बन उत्सव का समापन, शामिल हुए विधायक

धनबाद (आजाद सिपाही)। लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सौजन्य से हिरापुर में चल रहे पौष पार्बन उत्सव के अंतिम दिन दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसमें सभी ने मेला का जमकर आनंद उठाया। खाद्य पदार्थों के सभी स्टॉल पर लोगों की भीड़ देखी गयी। विशेष रूप से गुजराती स्टॉल स्पाशि वाइट में ढोकला, भेज रोल व दावेली पर में लोगों ने अपनी रुचि दिखाई। इसके अलावा पौष हुल्लोर, पीठा घर, खाई खाई, ऐपार बंगला के खाने के स्टॉल में भी खाने का जमकर लुप्त उठाया। वहीं, सर्फ साईट के स्टॉल में लोगों ने निःशुल्क आंख की जांच करवायी। क्लब की ओर से परिचालित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने जबरदस्त संगीत, नृत्य किया। इसके बाद कोलकता से आये मशहूर सौपर्ण सरकार की टीम ने बांग्ला बैंड का मनमोहक कार्यक्रम पेश किया। वहीं अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक अरुप चटर्जी ने मेला प्रांगन में स्थित सभी स्टाल का निरीक्षण किया व आयोजकों को मेले की सफलता की बधाई दी। क्लब के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।

मनायी गयी पूर्व पीएम स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती/धनबाद। राष्ट्रीय लोक दल के झारखंड इकाई की ओर से सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती गांधी सेवा सदन में मनाई गई। पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

बिजली सब स्टेशन में चोरों का धावा, लाखों के केबल चोरी

झरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बस्ताकोला के संख्या 9 के दोबारी कोलियरी अंतर्गत सहाना पहाड़ी स्थित सब स्टेशन बिजली घर में रविवार की रात चोरों ने लाखों रुपये की केबल चोरी कर ली। इससे करीब 300 घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गयी। इसे लेकर बिजली घर में ड्यूटी कर रहे इलेक्ट्रिशन बबलू पासवान और हेलफर जीतेंद्र निषाद ने बताया कि रविवार की देर रात एक बजे 20-25 लोगों ने बिजली घर के चार दिवारी में सेंधमारी कर सब स्टेशन पर धावा बोल दिया। सबसे पहले प्रथम ड्यूटी में तैनात उन दोनों कर्मियों से गाली गलौज व मारपीट कर मोबाइल फोन छिन लिया। इसके बाद उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद मेन स्विच को काटकर ट्रांसफार्मर से 200 लीटर बिजली तेल जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद एक-एक कर पार्ट पुर्जे खोलकर ट्रांसफार्मर में लगे कॉपर लेकर चले गये। कर्मियों ने सीआइएसएफ के पेट्रोलिंग टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसके पहले भी चोरों ने बिजली घर को निशाना बनाकर लूटपाट की थी। उसके बाद भी सीआइएसएफ की टीम नियमित रूप से पेट्रोलिंग नहीं करती है। इधर, घटना के संबंध में दोबारी प्रबंधक ने बताया कि कर्मियों ने चोरी की घटना की जानकारी दी है, जिसका आकलन किया जा रहा है। इसके बाद क्षेत्रीय थाना मे लिखित शिकायत दर्ज कराने के साथ ही सीआइएसएफ के कंट्रोल रूम को भी लिखित शिकायत की जायेगी।

कथारा मदर टेरेसा स्कूल में क्रिसमस मिलन व वार्षिक उत्सव का आयोजन

शिक्षा के अभाव में स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती : जीएम

कथारा (आजाद सिपाही)। मदर टेरेसा स्कूल में सोमवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के कथारा क्षेत्र के जीएम संजय कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण होना असंभव है। शिक्षा का मूल उद्देश्य शोषण बिहीन समाज की स्थापना करना होना चाहिए। इसके लिए सभी को शिक्षित होना होगा। कहा कि आज विश्व का हर देश प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में एक राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है जब उसके सभी नागरिक शिक्षित बने। उन्होंने विद्यालय की प्रगति को सराहा और शिक्षक शिक्षिकाओं को लगन और मेहनत के साथ बच्चों को शिक्षा देने की के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि इच्छा शक्ति मजबूत हो तो शिक्षा के रास्ते में कोई भी चीज बाधक नहीं बन सकती। उन्होंने विद्यालय को 10 कंप्यूटर देने व स्टेज बनाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि शिक्षा के विकास में सीसीएल प्रबंधन हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। वहीं, थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि व्यक्ति के निर्माण में शिक्षा महत्वपूर्ण है। शिक्षा ही मानव को संपूर्ण बना सकता है। यहां सामाजिक संस्था की सचिव महोदय सुनीता सिंह ने भी अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार पर बल देने को कहा। इस अवसर पर अर्धवार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। इस मौके पर श्रमिक नेता विजय कुमार सिंह, राजू रविदास, इकबाल अहमद, कमलेश कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार यादव, सना जफर, रोशनी कुमारी, काजल कुमारी, पूनम कुमारी, शाहिदा परवीन, राहुल कुमार, कालेश्वर कुमार, राजीव कुमार, हेमंत हांसदा, क्रांति कुमार सिंह, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार, एसपी सक्सेना आदि उपस्थित थे।

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

संख्या-1750/भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 04/12/2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा नावाडीह, थाना माण्डू, थाना सं0 167, अंचल माण्डू, जिला रामगढ़** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा नया मोड़-चैनपुर-रजरपा (MDR-102 पर) पथ के कि0मी0 0.00 से 36.083 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (पुलों एवं पुलियों का निमार्ण कार्य सहित) वर्ष 2016-17 हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **2. 5413** एकड़ यानि 1. 02845 हेक्टेयर है। जो मौजा नावाडीह, थाना माण्डू, थाना सं0 167, अंचल माण्डू, जिला रामगढ़ में है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :-

क्रं0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	29	1300	रैयती	टांड	0.0835	पुसन महतो व अन्य	रास्ता	नीज	रास्ता	रास्ता
2	38	1304	रैयती	टांड	0.0281	विसुन महतो व अन्य	रास्ता	नीज	रास्ता	रास्ता
3	09	1305	रैयती	टांड	0.0413	महावीर महतो व अन्य पिता स्व0 डिलेश्वर	रास्ता	नीज	रास्ता	रास्ता
4	38	1306	रैयती	टांड	0.1561	विसुन महतो	रास्ता	नीज	रास्ता	रास्ता
5	51	1307	रैयती	टांड	0.1259	वैजंती देवी पति डोमन प्रसाद	रास्ता	नीज	रास्ता	रास्ता
6	12	1308	रैयती	टांड	0.4252	मोला महतो व अन्य	रास्ता	रास्ता	नीज	नीज
7	11	1290	रैयती	टांड	0.4259	डोमन प्रसाद पिता वालो साव	रास्ता	रास्ता	नीज	नीज
8	11	1289	रैयती	टांड	0.2341	वासुदेव महतो व अन्य	रास्ता	रास्ता	नीज	नीज
9	51	1299	रैयती	टांड	0.0849	सरयू महतो पिता ईश्वर महतो	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
10	35	1301	रैयती	टांड	0.0620	खिरोधर महतो पिता स्व0 विसुन महतो	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
11	29	1302	रैयती	टांड	0.1251	बुधन महतो पिता चरण महतो	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
12	26	1303	रैयती	टांड	0.1122	वालदेव महतो व अन्य	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
13	13	1295	रैयती	टांड	0.0516	राजेष प्रसाद पिता प्रेम चन्द्र साव	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
14	11	1293	रैयती	टांड	0.0817	वासुदेव महतो व अन्य	नीज	रास्ता	रास्ता	रास्ता
15	11	1291	रैयती	टांड	0.1112	वासुदेव महतो व अन्य	रास्ता	रास्ता	नीज	नीज
16	50	1286	रैयती	टांड	0.3925	गुजर महतो पिता जागो महतो	रास्ता	रास्ता	नीज	नीज
कुल रकबा					2.5413					

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या-30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह0/- कानूनगो, रामगढ़। ह0/- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0/- अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0/- उपायुक्त, रामगढ़।

PR 342672 Land Reforms(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-31/2024-.25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक 02.01.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 03.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 03.01.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का सीन :- 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में।
2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :-01)) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Emergent work of Electric wiring of entire Quarter and fittings of CJM Residence at Hazaribagh	249300/-	5000/-	500/-	01 माह
2	Emergent work for False ceiling and repair of toilet with fitting in CJM Residence Building in Hazaribag	248700/-	5000/-	500/-	01 माह
3	Renovation of A-Type No -06 in near Carmel Chowk Hazaribag	169700/-	4000/-	500/-	01 माह
4	Renovation of B -Type B-Block No.2 in Near Carmel Chowk Hazaribag	218900/-	5000/-	500/-	01 माह
5	Emergent Work of Repairing of Deep bore well in Judiciary officer's Colony, Situated in front of carmel school, Hazaribag	218100/-	5000/-	500/-	01 माह
6	Installation of one Boring along with submersible Motor pump in Judiciary officer' Colony, situated at Mazar Road near Forest Colony, Hazaribah.	245900/-	5000/-	500/-	01 माह
7	Deep Boring along with submersible Motor pump in E-block, situated at Carmel Judiciary Colony, Hazaribah.	248400/-	5000/-	500/-	01 माह
8	Emergent work of D -III Judicial Quarter Located near Carmel School at Hazaribag for the year of 2024-25 due to change of Occupancy.	222400/-	5000/-	500/-	01 माह
9	Construction of boundary wall to quarter sri rajesh parasad account cleark b.c.d office ,Hazaribag for the year of 2024-25	106750/-	3000/-	500/-	01 माह
10	Emergent work of Typist Approach path on IJLAS in all Nine Court rooms of Sub-Judge Building in civil court, Hazaribagh, District- Hazaribagh	238900/-	5000/-	500/-	01 माह
11	Construction of Generator Shed For Five DG Sets in civil court Hazaribagh, District- Hazaribagh	249200/-	5000/-	500/-	01 माह

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.342657 Building(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in

झारसुगुड़ा के प्राथमिक विद्यालयों के विकास के लिए 'एमसीएल' 15.63 करोड़ रुपये खर्च करेगी

संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपने सीएसआर के तहत गुणात्मक शिक्षा के लिए झारसुगुड़ा जिले के 51 प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 15.63 करोड़ रुपये खर्च करने का एक अहम कदम उठाया है। इस पहल का उद्देश्य छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों दोनों के लिए बेहतर शिक्षा सुविधाएं मुहैया करना है। यह समझौता ज्ञापन(एमओयू) झारसुगुड़ा जिला प्रशासन और एमसीएल के बीच हस्ताक्षरित किया गया। इस परियोजना के तहत प्रमुख विकास कार्य किये जायेंगे जैसे नयी कक्षाओं का निर्माण, बेहतर स्वच्छता सुविधाएं और सीखने लायक वातावरण को और अधिक अनुकूल माहौल बनाने के साथ-साथ शैक्षणिक सुविधाओं का प्रावधान भी शामिल है। इस परियोजना को एक साल के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे झारसुगुड़ा जिले के तीन नगर निगम के 5,000 से अधिक छात्र/छात्राओं और 200 शिक्षकों और कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। यह पहल एमसीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों का उत्थान करना और उनके समग्र विकास में योगदान देना है।

भुवनेश्वर में हिट-एंड-रन: कार ने कई बाइकों को मारी टक्कर , 5 लोग घायल



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य की राजधानी भुवनेश्वर के बडागडा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत केशुरा इलाके में हिट एंड रन मामले में एक लड़की सहित पांच लोग घायल हो गये। जगन्नाथ मंदिर के सामने दोपहर करीब 2.10 बजे हुई पूरी लाइव हिट-एंड-रन घटना घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो रही थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिख रहा है कि एक सफेद मारुति सुजुकी डिजायर कार ने विपरीत दिशा में सड़क के किनारे खड़े दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार ने सामने से एक अन्य दोपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी जिससे वह हवा में उछल गया। वह एक स्कूटी पर गिर गया जो उसके पीछे चल रही थी। स्कूटी पर एक लड़का और एक लड़की सवार थी और टक्कर लगने से वे भी बीच सड़क पर गिर गये। जैसे ही वे उठे, युवक कार की ओर भागता हुआ दिखाई दिया, जबकि कार बहुत तेज गति से भाग रही थी। हिट-एंड-रन मामले के बाद केशुरा क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया और स्थानीय लोग कार की पहचान करने और उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा घायलों की ओर से बड़गड़ा थाने में अलग-अलग मामले दर्ज कराये गये हैं।

एसओए में पूर्व छात्रों का 'भव्य घर वापसी' समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) की सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर दामोदर आचार्य ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान के पूर्व छात्रों को अपने संस्थान के साथ संपर्क बनाये रखना चाहिए और हमेशा योगदान देने का प्रयास करना चाहिए ताकि उसका स्तर ऊपर उठ सके। एआईसीटीई के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी-खड़गपुर के पूर्व निदेशक प्रोफेसर आचार्य ने शनिवार को एसओए के पूर्व छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, संस्थान से पास होने के बाद, छात्र का संबंध संस्थान के साथ बना रहता है और छात्र की अपनी संस्था के प्रति जिम्मेदारी होती है। भव्य घर वापसी के रूप में नामित इस सभा को अभिनेता और एसओए के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईटीईआर) के पूर्व छात्र दीपनवित दशमोहपात्रा ने भी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। एसओए के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा ने अध्यक्षता की। प्रो आचार्य ने खुद को एसओए का 'पूर्व छात्र' बताया और याद दिलाया कि उन्हें विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली थी। एसओए एलुमनीज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 2001 से विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र शामिल हुए। 2013 में आईटीईआर से उत्तीर्ण महापात्रा ने कहा कि अभिनय में उनके करियर की नींव एसओए के छात्र रहते हुए ही पड़ गयी थी। वह एसओए ड्रामा क्लब 'टोनीलस्टुक' के सक्रिय सदस्य थे और इसी वजह से उन्होंने अभिनय में करियर चुना। ओड़िया फिल्म 'दमन' में दशमोहपात्रा की भूमिका को काफी सराहना मिली और उसके बाद उन्होंने 'प्रतीक्षा' सहित अन्य फिल्मों में भी अभिनय किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों से ओड़िया भाषा, संस्कृति और परंपरा का समर्थन करने और ओड़िया फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आगे आने का आग्रह किया। प्रो नंदा ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि वे एसओए का अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा कर-के अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने छात्रों से अपने अल्मा मेटर पर गर्व करने का आग्रह किया, जिसे देश में 14वां स्थान मिला है। एसओए के डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका होगी। उद्योग जुड़ाव और कॉर्पोरेट संबंध के निदेशक रिप्ती रंजन दाश, एसओए-अटल इनक्यूबेशन सेंटर के उप महाप्रबंधक राजीव कुमार और एसओए एलुमनीज की अध्यक्ष डॉ सुस्मिता पांडा ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बीस प्रमुख पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। एसओए एलुमनीज के संयोजक अभिषेक पटनायक ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

वेदांता एल्युमीनियम ने अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ सामुदायिक सुरक्षा को बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

झारसुगुड़ा/ओड़िशा। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपनी प्रमुख अग्नि जागरूकता पहल के तहत हाल ही में झारसुगुड़ा के पंचायत हाई स्कूल और जीपी हाई स्कूल में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आवश्यक अग्नि सुरक्षा ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना था, जिससे सामुदायिक सुरक्षा और लचीलापन बढ़ाने के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता को और बल मिला। प्रशिक्षण सत्र का संचालन वेदांता की सुरक्षा टीम द्वारा किया गया और इसमें छात्रों, शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों सहित 300 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल, सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओं, अग्निशमन तकनीकों के व्यावहारिक प्रदर्शनों और अग्नि सुरक्षा उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे अग्नि सुरक्षा प्रथाओं की समग्र समझ सुनिश्चित हुई। इस पहल के बारे में बात करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा, वेदांता में, हम मानते हैं कि सभी के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की कुंजी समुदायों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है। यह अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम तैयारी और जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। छात्रों और शिक्षकों का उत्साह और सक्रिय भागीदारी देखना वास्तव में प्रेरणादायक है, क्योंकि यह हमारे समुदायों को अधिक लचीला बनाने में ऐसी पहलों के प्रभाव को दर्शाता है। पंचायत हाई स्कूल के प्रिंसिपल किशोर कुमार पटेल ने कहा, हम इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम के बहुत आभारी हैं। इसने हमारे छात्रों और कर्मचारियों को व्यावहारिक कौशल और आग की आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने का आत्मविश्वास प्रदान किया है। इस तरह की पहल जीवन की सुरक्षा और सुरक्षित शिक्षण वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें प्रतिभागियों ने चचाओं और प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह पहल अपने समुदायों के भीतर सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए वेदांता एल्युमीनियम के समर्पण का प्रमाण है, और इस पहल के तहत, सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को और बढ़ाने के लिए पूरे जिले में और अधिक सामुदायिक आउटरीच आयोजित की जायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका, कौशल विकास, जमीनी स्तर के खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्रों में वेदांता के सामाजिक हस्तक्षेप, महिला और बाल विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, झारसुगुड़ा और आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 80 गांवों तक पहुंचते हैं, जिससे हर साल तीन लाख से अधिक लोग लाभांवित होते हैं। यह 350 से अधिक (एसएचजी) की लगभग 5,000 महिलाओं को सशक्त बनाता है, सालाना लगभग 50,000 लोगों को घर-घर स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करता है। 13,000 से अधिक छात्रों को शैक्षिक सहायता देता है, सामुदायिक स्तर पर स्थानीय लोगों के साथ साझेदारी में लगभग 1.5 लाख पेड़ लगा चुका है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 23 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

बारिश के कारण फसल का हुआ नुकसान

गंजाम जिला सबसे ज्यादा प्रभावित : सुरेश पुजारी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पिछले 3 दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से फसल पर असर पड़ा है। बड़ी मात्रा में धान की फसल बर्बाद हो गयी है, जिससे किसानों की चिंता दोगुनी हो गयी है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने यह जानकारी दी। नुकसान का आकलन तीन से चार दिनों में पूरा कर लिया जायेगा।

हम मुआवजे की राशि 5वें दिन देंगे। जिला कलेक्टरों को नुकसान का आकलन करने की सलाह दी गयी है। गंजाम जिले को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। जो धान पूरी तरह खराब नहीं हुआ है, उसकी बिक्री की व्यवस्था की जायेगी। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है, उन्हें भी सहायता मिलेगी।

वन विभाग ने तीन शिकारियों को हथियार के साथ पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिमिलीपाल अभयारण्य में कैमरे की मदद से तीन शिकारियों पकड़ा गया है। शिमिलिपाल वाइल्डलाइफ इंटेलिजेंस नेटवर्क (एसडब्ल्यूआईएन) जैसी अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके शिकारियों को पकड़ने के वन विभाग के प्रयास सफल रहे हैं। पकड़े गये सारे शिकारी कप्तिपदा थाना अंतर्गत बड़ खमण इलाके के तल सोकेई गांव के बाइगो हो, गनसा हो और गोसा हो हैं। उसके पास से जानवरों के शिकार में इस्तेमाल की जाने वाली बंदूकें और अन्य हथियार बरामद किये गये हैं। शिमिलिपाल टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट अथॉरिटी के तत्वावधान में एसीएफ के नेतृत्व में वन कर्मचारियों की एक टीम उपरोक्त शिकारियों का पता लगाने और उनके घरों का निरीक्षण करने के बाद उन्हें गिरफ्तार करने में सफल रही है। वन विभाग ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार शिकारियों को अदालत में पेश किया गया है।

एसओए ने शिक्षा में नेतृत्व के लिए गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) को शनिवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में अवीवा कीन द्वारा शैक्षणिक विकास और सामाजिक प्रभाव में अग्रणी घोषित किये जाने के बाद 2024 के लिए गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किया गया। एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रो डॉ मनोजरंजन नायक के विशेष कार्य अधिकारी प्रीतम नायक ने एसओए की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन, कल्कि धाम, उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली की नगर पार्षद सत्या शर्मा और भाजपा नेता रोचिका अग्रवाल उपस्थित थी। ये पुरस्कार उद्योग, मनोरंजन, खेल, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, मीडिया, उद्यमिता और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रतिनिधियों को प्रदान किये गये।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**